श्री देवेन्द्र चतुर्वेदी	ग्वालियर (बरी)
श्री दिनेश चतुर्वेदी	ग्वालियर
श्री प्रमोद चतुर्वेदी	डबरा
श्री अभिषेक चतुर्वेदी	ग्वालियर
श्री अमित चतुर्वेदी	ग्वालियर

सांस्कृतिक मंत्री–

श्रीमती मालती चतुर्वेदी	डबरा
श्रीमती सुनीलम चतुर्वेदी	ग्वालियर

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद जिला भिण्ड म0प्र0 की कार्यकारणी

आदरणीय सभापति महोदय श्री नीरज जी, संगठन मंत्री महोदय श्री प्रणव जी, राष्ट्रीय संरक्षक श्री सुखदेव जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री निशीथ जी, राष्ट्रीय उपसभापति श्री व्यास जी प्रदेश अध्यक्ष श्री तरुण जी एवं कमेटी के सदस्यों की सहमति अनुसार श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद जिला भिण्ड म0प्र0 की कार्यकारिणी घोषित की जाती है–

संरक्षक मण्डल–

श्री नीरज चौबे (मुनुआ) भिण्ड
श्री जयकुमार चौबे भिण्ड
श्री अजय चौबे भिण्ड
श्री तनय चौबे भिण्ड
श्री अशोक चौबे भिण्ड

विशेष आमंत्रित–

श्री श्याम लाल चौबे भिण्ड
श्री घनेश चौबे भिण्ड
श्री लालबहादुर चौबे भिण्ड
श्री मयंक चौबे भिण्ड
श्रीमती अरुणा चौबे भिण्ड
श्रीमती मंजूलता चौबे भिण्ड
श्री हरेश चौबे भिण्ड
श्री खगेन्द्र चौबे भिण्ड
श्री दीपक चौबे भिण्ड
श्री कौशल चौबे भिण्ड

अध्यक्ष–

श्री पवन चतुर्वेदी (बंटी) भिण्ड

उपाध्यक्ष–

श्री नीरज चौबे भिण्ड
श्री रमेश चौबे भिण्ड
श्री संजय चतुर्वेदी भिण्ड (गोरमी)
श्रीमती अल्पना चौबे भिण्ड

महामंत्री–

श्री वैभव चतुर्वेदी भिण्ड
श्री संजय चतुर्वेदी भिण्ड (तरसोखर)
श्रीमती शालिनी चतुर्वेदी भिण्ड

मीडिया प्रभारी–

श्री प्रवीण चतुर्वेदी ग्वालियर
श्री मनोज चतुर्वेदी डबरा

संगठन मंत्री–

श्री लखन चतुर्वेदी डबरा
श्रीमती शिप्रा चतुर्वेदी ग्वालियर
श्री प्रमोद चतुर्वेदी ग्वालियर

मंत्री–

श्री गौरव चतुर्वेदी ग्वालियर
श्री योगेश चतुर्वेदी ग्वालियर
श्रीमती आभा चतुर्वेदी ग्वालियर
श्री देवेन्द्र चतुर्वेदी ग्वालियर
श्री देवेन्द्र चतुर्वेदी ग्वालियर (बरी)
श्री दिनेश चतुर्वेदी ग्वालियर
श्री प्रमोद चतुर्वेदी डबरा
श्री अभिषेक चतुर्वेदी ग्वालियर
श्री अमित चतुर्वेदी ग्वालियर

सांस्कृतिक मंत्री–

श्रीमती मालती चतुर्वेदी डबरा
श्रीमती सुनीलम चतुर्वेदी ग्वालियर

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद जिला इन्दौर म0प्र0 की कार्यकारणी

आदरणीय सभापति महोदय श्री नीरज जी, संगठन मंत्री महोदय श्री प्रणव जी, राष्ट्रीय संरक्षक श्री सुखदेव जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री निशीथ जी, राष्ट्रीय उपसभापति श्री व्यास जी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री राजेश जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री तरुण जी एवं कमेटी के सदस्य श्री राहुल जी की सहमति के अनुसार श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद जिला इन्दौर म0प्र0 की कार्यकारिणी घोषित की जाती है–

संरक्षक मण्डल–

श्री जुग्गन चतुर्वेदी इंदौर
श्री व्यास चतुर्वेदी इंदौर
श्री के0के0 चतुर्वेदी इंदौर
श्री राजेश चतुर्वेदी इंदौर
श्री सुरेन्द्र चतुर्वेदी इंदौर
श्री तरुण चतुर्वेदी इंदौर

विशेष आमंत्रित–

श्री अवनीन्द्र नाथ चतुर्वेदी इंदौर
श्री कैलाश नाथ चतुर्वेदी इंदौर
श्री पियूष चतुर्वेदी इंदौर
श्री विवेक चतुर्वेदी इंदौर
श्री मनोज चतुर्वेदी इंदौर

अध्यक्ष–

श्री निखिल चतुर्वेदी इंदौर

उपाध्यक्ष–

श्री महेन्द्र चतुर्वेदी इंदौर
श्री समीर चतुर्वेदी इंदौर
श्रीमती शशि चतुर्वेदी इंदौर
श्री पीयूष चतुर्वेदी इंदौर

महामंत्री–

श्रीमती रागिनी चतुर्वेदी इंदौर
श्री मनीष चतुर्वेदी इंदौर
श्री उमेश चतुर्वेदी इंदौर
श्री विपिन नाथ चतुर्वेदी इंदौर

प्रभारी महिला प्रकोष्ठ–

डॉ0 प्रीती चतुर्वेदी इंदौर
श्रीमती रागिनी चतुर्वेदी इंदौर

संगठन मंत्री–

श्री गौरव चतुर्वेदी इंदौर
श्री पुनीत चतुर्वेदी इंदौर
श्री प्रमेश चतुर्वेदी इंदौर
श्रीमती गीता चतुर्वेदी इंदौर

मीडिया प्रभारी–

श्रीमती सरिता चतुर्वेदी इंदौर

कार्यकारिणी सदस्य–

श्री राजीव चतुर्वेदी इंदौर
श्री गगन चतुर्वेदी इंदौर
श्री कुशाग्र चतुर्वेदी इंदौर
श्री बिन्दु चतुर्वेदी इंदौर

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद जिला उज्जैन म0प्र0 की कार्यकारणी

आदरणीय सभापति महोदय श्री नीरज जी, संगठन मंत्री महोदय श्री प्रणव जी, राष्ट्रीय संरक्षक श्री सुखदेव जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री निशीथ जी, राष्ट्रीय उपसभापति श्री व्यास जी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री राजेश जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री तरुण जी एवं कमेटी के सदस्य श्री राहुल जी की सहमति के अनुसार श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद जिला उज्जैन म0प्र0 की कार्यकारिणी घोषित की जाती है–

संरक्षक मण्डल–

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी उज्जैन
श्री व्यास चतुर्वेदी उज्जैन
श्री तरुण चतुर्वेदी उज्जैन
श्री उमेश चन्द्र चतुर्वेदी उज्जैन
श्रीमती इन्द्रा देवी चतुर्वेदी उज्जैन
श्री मुरलीधर चतुर्वेदी उज्जैन
श्री शम्भूदयाल चतुर्वेदी उज्जैन

विशेष आमंत्रित–

श्रीमती सुनीता चतुर्वेदी उज्जैन
श्रीमती विभा चतुर्वेदी उज्जैन
श्रीमती विशाखा चतुर्वेदी उज्जैन
श्री रवी चतुर्वेदी उज्जैन
श्री अरविन्द चौबे उज्जैन

अध्यक्ष–

श्री रमेश चन्द्र चतुर्वेदी उज्जैन

उपाध्यक्ष–

श्रीमती अंजू चतुर्वेदी उज्जैन
श्रीमती प्रीति चतुर्वेदी उज्जैन

महामंत्री–

श्री योगेश चन्द्र चतुर्वेदी उज्जैन

सांस्कृतिक मंत्री–

श्रीमती गीतिका चतुर्वेदी उज्जैन

कोषाध्यक्ष–

श्री प्रसन्न कुमार चतुर्वेदी उज्जैन

मीडिया प्रभारी–

श्री अविनाश चतुर्वेदी उज्जैन

संगठन मंत्री–

श्री मिथलेश चतुर्वेदी उज्जैन

कार्यकारिणी सदस्य–

श्री कमल किशोर चतुर्वेदी उज्जैन
श्री सुभाष चतुर्वेदी उज्जैन
श्री अशोक चतुर्वेदी उज्जैन
श्रीमती ममता चतुर्वेदी उज्जैन
श्रीमती सुनीता चतुर्वेदी उज्जैन
श्री सिद्धार्थ चौबे उज्जैन
श्री अभिनव चतुर्वेदी उज्जैन

युवा प्रकोष्ठ–

श्री सिद्धार्थ चतुर्वेदी उज्जैन
डॉ0 वैभव चतुर्वेदी उज्जैन
श्री अर्पित चतुर्वेदी उज्जैन
श्री अभिषेक चतुर्वेदी उज्जैन
श्री तरुण चतुर्वेदी उज्जैन
श्री अभिनव चतुर्वेदी उज्जैन
श्री आनन्द चतुर्वेदी उज्जैन

महिला प्रकोष्ठ–

डॉ0 पूर्वी चतुर्वेदी उज्जैन
श्रीमती वर्षा चतुर्वेदी उज्जैन
श्रीमती नेहा चतुर्वेदी उज्जैन
श्रीमती राखी चतुर्वेदी उज्जैन
श्रीमती निशा चतुर्वेदी उज्जैन

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद जिला दतिया म0प्र0 की कार्यकारणी

आदरणीय सभापति महोदय श्री नीरज जी, संगठन मंत्री महोदय श्री प्रणव जी, राष्ट्रीय संरक्षक श्री सुखदेव जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री निशीथ जी, राष्ट्रीय उपसभापति श्री व्यास जी प्रदेश अध्यक्ष श्री तरुण जी एवं कमेटी के सदस्यों की सहमति अनुसार श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद जिला दतिया म0प्र0 की कार्यकारिणी घोषित की जाती है–

संरक्षक–

श्री मनीराम चतुर्वेदी (उचाड़) दतिया मो0नं0 9617130909

अध्यक्ष–

श्री मृगेन्द्र चतुर्वेदी (उचाड़) दतिया मो0नं0 8959018385

उपाध्यक्ष–

श्री सुरेन्द्र बाबू चतुर्वेदी (उचाड़) दतिया मो0नं0 9009541886
श्री रामबाबू चतुर्वेदी (उचाड़) दतिया मो0नं0 9165615245

महामंत्री–

श्री जीतेन्द्र चतुर्वेदी (उचाड़) दतिया मो0नं0 9826168140
श्री प्रकाश चतुर्वेदी (उचाड़) दतिया मो0नं0 7582011512

मंत्री–

श्री राधाकृष्ण चतुर्वेदी (उचाड़) दतिया मो0नं0 9981202742
श्री बलराम चतुर्वेदी (उचाड़) दतिया मो0नं0 9754342464
श्री विपिन चतुर्वेदी (उचाड़) दतिया मो0नं0 9009073041
श्री अजय (गोलू) चतुर्वेदी (उचाड़) दतिया मो0नं0 9039140172

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद पंजाब चंडीगढ़ पदाधिकारी

अध्यक्ष – श्री किशन चतुर्वेदी
उपाध्यक्ष – डा. अनुपम चतुर्वेदी
महा मंत्री – श्री विजय कृष्ण चतुर्वेदी
उप सचिव – श्री दिनकर चतुर्वेदी
संगठन मंत्री – श्री अनुराग चतुर्वेदी
कोषाध्यक्ष – श्री निमिष चतुर्वेदी

महिला प्रकोष्ठ–

अध्यक्ष – श्रीमती नीता चतुर्वेदी
उपाध्यक्ष – श्रीमती वंदना चतुर्वेदी
श्रीमती कुमुद चतुर्वेदी

सांस्कृतिक मंत्री

श्रीमती मोनिका चतुर्वेदी
श्रीमती रवनीत चतुर्वेदी

कार्यकारिणी सदस्य

संदीप जी
शेली जी
आशीष जी
पूनम जी
धवल जी
अनिशा जी
शौर्या जी
टीना जी
निकिता जी
स्तुति जी
वरुण जी
रोहित जी
रूहानी जी
सिद्धार्थ जी
नेहा जी

कार्यक्रम सूचना

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद का प्रथम राष्ट्रीय युवक/युवती परिचय सम्मेलन 2 जुलाई को भोपाल में

सभी प्रदेश अध्यक्ष महोदय,

पालागन/जय श्री कृष्णा

आपको व श्री माथुर चतुर्वेदी समाज को हर्ष होगा कि श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद मध्य प्रदेश द्वारा समाज की सबसे बड़ी वैवाहिक समस्या के समाधान की दिशा में एक कुशल पहल करते हुए 02.07.2023 रविवार को भोपाल में राष्ट्रीय कार्यकारणी के साथ विवाह योग्य बच्चों के लिए युवक/युवती परिचय के अयोजन का समाज हित में निर्णय किया हैं। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले इस सम्मेलन में 7 गौत्र 64 अल्ल के अंतर्गत आने वाले बंधु अपने बच्चों के राजिट्रेशन 20 जून 2023 तक निम्न नंबर पर निशुल्क वाट्सअप के जरिए करा सकते हैं। सभी प्रदेश अध्यक्ष अपने प्रदेशो में रहने वाले बांधवों तक इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की जानकारी से अवगत कराते हुए समाज हित के लिए अग्रेषित करे।

एक अच्छे सुखद परिणाम की अपेक्षा के साथ चलो मिलते हैं भोपाल में।

इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों/सम्मानित सद्स्य महानुभावों (राष्ट्रीय, प्रदेश, जिले, के) से आग्रह है कि प्रदेश अध्यक्ष तरुण जी भोपाल व उनकी आयोजक टीम को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करे।

नीरज चतुर्वेदी
सभापति– श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद

महाराष्ट्र प्रदेश की प्रथम कार्यकारिणी की मीटिंग 25 जून को नासिक में

सभी बाधंवो को सादर पालागन, जय श्रीकृष्णा

आप सभी को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि,श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद, महाराष्ट्र प्रदेश की प्रथम कार्यकारणी की मीटिंग 25 जून को नासिक मे आयोजित की गई है महाराष्ट्र प्रदेश की कार्यकारणी के सभी संरक्षक गण, पदाधिकारियो सदस्यो एवम विशेष आमंत्रित सदस्यो की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है,एवम राष्ट्रीय संगठन से जो भी बाधंव आना चाहे उनका बहुत बहुत स्वागत है कार्यक्रम की रूपरेखा निम्न प्रकार रहेगी–

11 बजे मीटिंग का शुभारंभ
अतिथि आमन्त्रण
दीप प्रज्वलन
मंगलाचरण
आगन्तुक महानुभावो एवम कार्यकारणी पदाधिकारियो एवम सदस्यो का स्वागत अभिनन्दन
परिचय कार्यक्रम
संकल्प पत्र उपस्थित सभी सदस्यो दुआरा भरवाना एवम अभियान पर चर्चा,नासिक जिला शाखा की घोषणा
जनगणना अभियान पर चर्चा अभियान के संयोजक श्री सी पी चतुर्वेदी द्वारा
सामाजिक परिचर्चा स्थानीय बाधवो एवम अतिथियो द्वारा
सांस्कृतिक कार्यक्रम
प्रदेश अध्यक्ष का उद्बोधन
धन्यवाद एवम समापन की घोषणा संयोजक महोदय द्वारा
सामूहिक भोज एवम गंतव्य को प्रस्थान

सुधीर कुमार चतुर्वेदी प्रदेशाध्यक्ष
श्री गिर्राज जी चतुर्वेदी प्रदेश उपाध्यक्ष एवम कार्यक्रम संयोजक
श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद,महाराष्ट्र

कार्यक्रम स्थल
जी.पी. फार्म, होटल एन्ड रिसोर्ट नासिक

समाज के युवाओं से मन की बात

प्यारे युवा बन्धुओ व बहनों

सप्रेम जय श्री कृष्णा व पालागन

समाज व देश का भविष्य और उन्नति युवा पीढ़ी पर निर्भर करती है। युवा पीढ़ी और समाज व देश का भविष्य एक दूसरे पर निर्भर करता है। किसी भी देश में अगर युवाओं की संख्या ज्यादा है तो उस देश का विकास भी तेजी से होता है क्योंकि युवा पीढ़ी ही देश का विकास कर सकती हैं। युवा नई सोच और सकारात्मक सोच के साथ देश की प्रगति में अपना योगदान कर सकते हैं। आज की युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना है, आज के युवा मै जोश भी है ईमानदारी भी है जो देश को नई सोच के साथ चला सकते है। इसलिए जागो युवा जागो उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तब लक्ष्य को न प्राप्त कर लो। आज के युवा पीढ़ी को पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए, शारीरिक बल व स्पोर्ट्स भी बहुत जरूरी है लेकिन नशे वाली चीजों से दूर रहना चाहिए। युवा आगे बढ़ेंगे तो समाज व देश खुद ही उन्नति करेगा।

गीता के चौथे अध्याय के १३ श्लोक में भगवान ने गुण आधारित चातुर्य वर्ण व्यवस्था बतायी है जिसमें सर्व प्रथम बुद्धिमान मनुष्यों का वर्ग आता है जो सतोगुणी होने के कारण ब्राह्मण कहलाते हैं और यह हमारा सौभाग्य है व पूर्वजों की देन है कि हमें ब्राह्मण कुल में कुसाग्र बुद्धि के आशीष के साथ जन्म मिला है व चतुर्वेदियों को उनमें प्रथम पंक्ति मै स्थान प्राप्त है।

सी ए शिक्षा बुद्धिमान मनुष्यों के लिये आज के आर्थिक युग मैं सर्वाधिक उचित, मितव्ययी व श्रेष्ठ शिक्षा है जिसे हमारे पूर्वजों ने पहचाना, अपनाया व प्रचारित किया यह नाम मात्र के खर्चे व स्वयं की मेहनत के बल पर प्राप्त है। आज हम १००० के लगभग चतुर्वेदी सी ऐ व सी एस है, आइये हम इस प्रगति के अमर पथ पर चलें और अपने साथ समाज व राष्ट्र को भी आगे लेकर चलें।

भवदीय– बृजमोहन चतुर्वेदी
राष्ट्रीय संरक्षक सेवक

सही समय पर करें बच्चों की शादी

राष्ट्रीय श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद में राष्ट्रीय स्तर विवाह संबंध एवं विवाह उपरांत की समस्या को लेकर राष्ट्रीय समीति का गठन किया गया है जो कि एक सराहनीय कदम है। मेरा इस विषय में निवेदन है विवाह संबंधित दिक्कतों को दूर करने हेतु हमें बच्चों की विवाह योग्य उम्र होते ही सिर्फ परिवार देख कर संबंध कर देने चाहिए जैसा कि वर्षों पहले हमारे माता पिता के समय में होता था। उसमें सिर्फ परिवार देखा जाता था, लड़का भविष्य में क्या करेगा यह सब भाग्य पर छोड़ा जाता था। लड़की की उम्र कम होने पर सासू मां उसे एक अभिभावक की तरह हर काम में प्रशिक्षित करती थी, कहीं किसी की ईगो का प्रश्न नहीं उठता था। आज जब बच्चे लड़का हो लड़की अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रहे हैं तब परिस्थित पूरी तरह बदल चुकी है। लड़कियां अपनी पढ़ाई करियर के चक्कर में अपने घर पर ही गृहस्थी के काम में समय नहीं दे पातीं तब शादी के बाद उनसे अचानक ससुराल में एक आदर्श बहू की कल्पना करना बिल्कुल सही नहीं है। या तो ससुराल वाले उसे अपनी बेटी मानकर पूर्ण सहयोग करें अन्यथा संबंधों में दरार आनी शुरू हो जाती है। आज माता पिता को शीघ्र समझ लेना चाहिए कि हमारी बहु ससुराल में सहज महसूस कर रही है अथवा नहीं। जरा भी शंका हो पहले प्रयास में किसी भी तरह के विवाद के पनपने से पहले अच्छे मन से राजी खुशी बेटे बहू को अपनी अलग दुनिया बसाने का अवसर देना चाहिए बहुत से संबंध टूटने से बच सकेंगे। माता पिता चाहें तो आसपास घर लेकर आपस में जुड़े रह सकते हैं। यह मेरी समझ है शायद कुछ लोगों को पसंद आये कुछ को नहीं। निवेदन है कृपया इसे तर्क वितर्क में न डालिऐगा।

मुकेश चौबे



यादें

यह पत्र मेरे पति कर्नल हेम प्रकाश चतुर्वेदी ने 22 जुलाई सन 1980 मे चतुर्वेदी पत्रिका के लिए लिखी था ।किसी कारणवश ये पत्र पोस्ट नही हो सका।एक दिन जब मै उन की फाइल्स निकाल कर चौक कर रही थी उसी बीच मुझे ये पत्र मिला ।मेरी खुशी का तो ठिकाना ही नही था।मुझे ऐसा लग रहा था कि वे जीवित हो कर मेरे कुशल क्षेम लेने आए है।मै पत्र पकड़कर काफी देर तक एक ही मुद्रा मे खडी रही।अचानक पत्र मेरे हाथ से फिसल कर फर्श पर जा गिरा।उसी के साथ मै भी सपनो की दुनिया से निकल कर धरातल पर आ गिरी।अपनी भावनाओ को समेट कर वह पत्र मैने लिफाफे मे रख दिया।आज वह लिफाफा खुला और पत्र आप के सामने आ गया।आशा है आप सब इस पत्र को अवश्य पढेगे।

मीना चतुर्वेदी पत्नी श्री कर्नल हेमप्रकाश चतुर्वेदी

समय की पुकार

कर्नल हेम प्रकाश चतुर्वेदी

आज के युग मे हमारे समाज में युवकों की भूमिका शायद उत्तरदायत्व के हिसाब से अपनी पिछली पीढ़ी से काफी भारी पड़ेगी। आज युवकों को अपने समुदाय से बाहर निकले बिना अपना जीवन निर्वाह कर सकना शायद असंभव सा ही है। इस भारी प्रति स्पर्धा के युग मे अपने पुरातन स्वरूप को बनाए रखना कितना कठिन है ,यह तो शायद वही समझ सकेगा जो अनुकूल परिस्थितियों मे अपने आप को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा हो। आज हमारा अपना कहलाने वाला ''जीवन यापन'' का तरीका ही हमारे पैरों मे बेड़ी सा बनता नजर आ रहा है। मैं अपने इस लेख व्दारा अपनी सामाजिक मान्यताओ अथवा जीवन यापन के तरीके पर कोई कुठाराघात नहीं कर रहा हूँ ,केवल अपनी भावनाएं विचारार्थ प्रस्तुत कर रहा हूँ ,जिस से कोई एसा माध यम निकल सके जो हमारे आधुनिक व्यावहारिक जीवन मे सहायक हो।

जाति गौरव

आज देश मे आंधी सी चलती नजर आरही है, जिस मे सवर्ण की उच्चता को मानने के लिए कोई तैयार नहीं दिखाई देता। केवल उच्च जाती मे जन्म ले कर ऊंचे कहलाना अथवा अपने ऊंचेपन को थोपने का अधिकार पूर्ण रूप से समाप्त हो गया है। एसी परिस्थिति मे यदि आप अपने कर्मों व्दारा जो व्यावहारिक रूप मे खरे उतरे, केवल पुरानी मान्यताओ अथवा उद्धरणों पर आधारित न हों, के आधार पर किसी के सामने अपनी उच्चता की बात कर सकेंगे। अब प्रश्न उठता है की वे क्या विशेषताए हमारी जाती मे हैं और दूसरों मे नहीं है, जिन को उभार कर सामने लाने से हमारी श्रेष्टता स्वयं सामने आ जाएगी।

तालाब मे कूदे बिना तैरना नहीं आ सकता , इसी तरह दुनियादारी मे पूरी तरह घुसे बिना उसे सही रूप से समझ सकना कठिन है। हम जिन बातों को अच्छा समझते है और जिन पर घमंड करते है उन्हे इस दुनिया के बाजार मे सामने ला कर खुले रूप से व्यावहारिकता की कसौटी पर आंकना पड़ेगा।

जाति के अपने स्वरूप को बचाए रखने के लिए क्या यह संभव है कि हम केवल अपने समुदाय के लोगों मे ही मिले ,अन्य समुदाय के लोगों से केवल मौखिक वार्तालाप का संबंध रक्खे। व्यावहारिकता और दिन प्रति दिन के संबंधों से हम पर दूसरों के चाल चलन का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। अब देखना ये है की हम अपने ऊपर दूसरों का असर कहा तक होने

देते है। मेरी राय मे न तो आवश्यकता इस बात की है की हम अपने तौर तरीकों को बिल्कुल भूल जाए और न ही दूसरों की अच्छी बातों को अपनाने से मना करे। सब से अच्छा तरीका यही होगा की हम अपने "जाति गौरव" को अपने तक ही सीमित रक्खे और अपनी अच्छाइयों द्वारा दूसरो को प्रभावित करे ,न की इस विषय को ले कर अपने और दूसरी जाति वालों के बीच खाई बना ले।

पहनावा

आज के युग मे खास तौर पर हमारी युवा महिला वर्ग के सामने यह समस्या है की वे क्या आज के आधुनिक समुदाय मे परंपरागत पहनावे तक ही सीमित रह पाएंगी? लाज परदा किस हद तक चल सकता है यह समय स्वयं हमे बताएगा । यदि समय एवं स्थान की आवश्यकता वश कोई अपने परिधान को बदल लेता है तो व्यर्थ मे नुक्ताचीनी का विषय बन जाता है, और न बदलने पर कभी कभी हंसी का पात्र एवं हीनता की भावना का शिकार बन जाता है। "जैसा देश वैसा भेष " की यथार्थता को समझने मे ही शायद हमारी भलाई है। समय एवं स्थान के अनुसार अपने को सुसज्जित करने मे ही हमारी शोभा एवं गरिमा बनी रहेगी।

खान पान

इस आधुनिकता के भयंकर तूफान के सामने अपने गुणों को बचाएरखना एक जटिल समस्या है । शराब और मुर्गे के दौर मे हमारा खीर और झोर का आस्तित्व ही खतरे मे लटकता नजर आ रहा है । यह आत्मबाल की कठिन परीक्षा है , जिन के अंदर अपने संस्कारों की सही छाप है और वे शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन के अंतर को सही रूप से समझ गए है ,वे स्वयं ही सही रास्ते पर चलेंगे । अन्यथा जो लोग आधुनिकता के झूठे जामे मे मांस और शराब पी कर श्रेष्ठता का अनुभव करने लगे है, शायद झूठी निराधार फूक मे धक्के खाते हुए अपना जीवन गुजार देंगे। एक ओर जहा मैंने मदिरा एवं सामिष भोजन को अपने योग्य नहीं पाया है वही दूसरी ओर कभी भी ये मानने को तैयार नहीं हूँ की जो लोग इन का भोग करते है वे अछूत है। हमे तो "सार सार को गहि रहे थोथा देई उड़ाए"पर चलना चाहिए।

लेन देन

हमारे समाज की पुरानी परम्पराओ के अनुसार शायद कोई भी समय या उत्सव एसा नहीं है जिस मे हम एक दूसरे के रिश्तों के अनुसार कुछ न कुछ लेनदेन न करते हो । आज के इस कठिनआर्थिक तनाव के युग मे सत्यता तो यह है की रिश्तों की कीमत चुकाने के चक्कर मे रिश्ते स्वयं ही खतरे मे पड़ते जा रहे है । जो धनवान है वे इस लेनदेन की होड़ मे नए कीर्तिमान स्थापित करते जा रहे है और जो कमजोर है वे इन ऊंचे कीर्तिमानों के बोझ से दब करदम तोड़ते नजर आरहे है।

क्या आज समय की पुकार हमे मजबूर नहीं कर रही है की हम अपने हृदय को सही रूप से टटोले और समय रहते इस लेन देन के बाजार की चमक मे सदैव के लिए सही रास्तों से भटकने से बच जाए । दुनिया मे पेसे का लेन देन तो हर एक से होता है परंतु शुभकामनाए एवं आशीर्वाद केवल अपने खून के रिश्तेदारों से ही मिल सकते है ,इसलिए हमे चाहिए की हम छोटे छोटे लेन देन भी आपस मे भूल कर केवल आशीर्वादों और शुभकामनाओ से अपनी झोली भर कर विश्वास के साथ आगे बढ़ सके।

जो कुछ भी मैंने ऊपर लिखा है उस का अर्थ कदापि यह नहीं है की हम एक बुराई के गड्डर के अलावा कुछ नहीं है। आज भी मुझे कोई संदेह नहीं है की हम औरों के देखते हुए एक शक्तिशाली एवं सुगठित चतुर्वेदी समाज के अंग है और हमे अपने आप पर गर्व है जो सदैव रहेगा।

रामचरितमानस में कलियुग का वर्णन

गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस केवल भक्तिमार्ग के साधकों का भाव ही पुष्ट नहीं करती, वरन उनका अध्यात्मिक, सामाजिक तथा व्यावहरिक जीवन का मार्गदर्शन भी करती है। एक सम्पूर्ण व्यावहारिक जीवन दर्शन को समेटे हुए एक ऐसा ग्रन्थ है जिसने हम संसारी जीवों के व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और राजनैतिक जीवन के विभिन्न अंगों के लिए आदर्श स्थापित किया है।

गोस्वामी तुलसीदास जी को रामचरितमानस के लेखन में 2 वर्ष 7 माह 26 दिन का समय लगा था और उन्होंने इसे संवत् 1633 (1576 ईस्वी सन्) के मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष में राम विवाह के दिन पूर्ण किया था। इस महाकाव्य की भाषा अवधी है।

रामचरितमानस के पाँचवे काण्ड उत्तर काण्ड मैं गोस्वामी श्री तुलसीदास जी ने आज से लगभग 450 वर्ष पूर्व कलयुग का वर्णन कुछ इस प्रकार किया है –

सो कलिकाल कठिन उरगारी।
पाप परायन सब नरनारी।

कलियुग का समय बहुत कठिन है।इसमें सब स्त्री पुरूस पाप में लिप्त रहते हैं।

कलिमल ग्रसे धर्म सब लुप्त भये सदग्रंथ
दंभिन्ह निज मति कल्पि करि प्रगट किए बहु पंथ।

कलियुग के पापों ने सभी धर्मों को ग्रस लिया है। धर्म ग्रथों का लोप हो गया है। घमंडियों ने अपनी अपनी बुद्धि में कल्पित रूप से अनेकों पंथ बना लिये हैं।

भए लोग सब मोहबस लोभ ग्रसे सुभ कर्म
सुनु हरिजान ग्यान निधि कहउॅ कछुक कलिधर्म।

सब लोग मोहमाया के अधीन रहते हैं। अच्छे कर्मों को लोभ ने नियंत्रित कर लिया है। भगवान के भक्तों को कलियुग के धर्मों को जानना चाहिये।

बरन धर्म नहिं आश्रम चारी।
श्रुति बिरोध रत सब नर नारी।
द्विज श्रुति बेचक भूप प्रजासन।
कोउ नहिं मान निगम अनुसासन।

कलियुग में वर्णाश्रम का धर्म नही रहता हैं। चारों आश्रम भी नहीं रह जाते। सभी नर नारी बेद के बिरोधी हो जाते हैं। ब्राह्मण वेदों के विक्रेता एवं राजा प्रजा के भक्षक होते हैं। वेद की आज्ञा कोई नही मानता है।

मारग सोइ जा कहुॅ जोइ भावा।
पंडित सोइ जो गाल बजाबा।
मिथ्यारंभ दंभ रत जोईं।
ता कहुॅ संत कहइ सब कोई।

जिसे जो मन को अच्छा लगता है वही अच्छा रास्ता कहता है। जो अच्छा डींग मारता है वही पंडित कहा जाता है। जो आडंबर और घमंड में रहता है उसी को लोग संत कहते हैं।

सोइ सयान जो परधन हारी।
जो कर दंभ सो बड़ आचारी।
जो कह झूॅठ मसखरी जाना।
कलिजुग सोइ गुनवंत बखाना।

जो दूसरों का धन छीनता है वही होशियार कहा जाता है। घमंडी अहंकारी को ही लोग अच्छे आचरण बले मानते हैं। बहुत झूठ बोलने बाले को हीं–हॅसी दिलग्गी करने बाले को हीं गुणी आदमी समझा जाता है।

निराचार जो श्रुतिपथ त्यागी।
कलिजुग सोइ ग्यानी सो विरागी
जाकें नख अरू जटा बिसाला ।
सोइ तापस प्रसिद्ध कलिकाला।

हीन आचरण करने बाले जो बेदों की बातें त्याग चुके हैं वही कलियुग में ज्ञानी और वैरागी माने जाते हैं। जिनके नाखून और जटायें लम्बी हैं–वे कलियुग में प्रसिद्ध तपस्वी हैं।

असुभ वेस भूसन धरें भच्छाभच्छ जे खाहिं
तेइ जोगी तेइ सिद्ध नर पूज्य ते कलिजुग माहिं।

जो अशुभ वेशभूसा धारण करके खाद्य अखाद्य सब खाते हैं वे हीं सिद्ध योगी तथा कलियुग में पूज्य माने जाते हैं।

जे अपकारी चार तिन्ह कर गौरव मान्य
तेइ मन क्रम वचन लवार तेइ वकता कलिकाल महुॅ।

जो अपने कर्मों से दूसरों का अहित करते हैं उन्हीं का गौरव होता है और वे हीं इज्जत पाते हैं। जो मन वचन एवं कर्म से केवल झूठ बकते रहते हैं वे हीं कलियुग में वक्ता माने जाते हैं।

नारि बिबस नर सकल गोसाई।
नाचहिं नट मर्कट कि नाई।
सुद्र द्विजन्ह उपदेसहिं ग्याना।
मेलि जनेउ लेहिं कुदाना।

सभी आदमी स्त्रियों के वश में रहते हैं और बाजीगर के बन्दर की तरह नाचते रहते हैं। ब्राह्मणों को शूद्र ज्ञान का उपदेश देते हैं और गर्दन में जनेउ पहन कर गलत तरीके से दान लेते हैं।

सब नर काम लोभ रत क्रोधी।
देव विप्र श्रुति संत विरोधी।
गुन मंदिर सुंदर पति त्यागी।
भजहिं नारि पर पुरूस अभागी।

सभी नर कामी लोभी और क्रोधी रहते हैं।देवता ब्राहमण वेद और संत के विरोधी होते हैं। अभागी औरतें अपने गुणी सुंदर पति को त्यागकर दूसरे पुरूष का सेवन करती है।

सौभागिनीं विभूसन हीना।
विधवन्ह के सिंगार नवीना।
गुर सिस बधिर अंध का लेखा।
एक न सुनइ एक नहि देखा।

सुहागिन स्त्रियों के गहने नहीं रहते पर विधबायें रोज नये श्रृंगार करती हैं। चेला और गुरू में वहरा और अंधा का संबंध रहता है। शिष्य गुरू के उपदेश को नहीं सुनता और गुरू को ज्ञान की दृष्टि प्राप्त नहीं रहती है।

हरइ शिष्य धन सोक न हरई।
ते गुर घोर नरक महुँ परई
मातु पिता बालकन्हि बोलाबहिं।
उदर भरै सोइ धर्म सिखावहिं।

जो गुरू अपने चेला का धन हरण करता है लेकिन उसके दुख शोक का नाश नही करता–वह घोर नरक में जाता है। मॉ बाप बच्चों को मात्र पेट भरने की शिक्षा धर्म सिखलाते हैं।

ब्रह्म ग्यान बिनु नारि नर कहहिं न दूसरि बात
कौड़ी लागि लोभ बस करहिं विप्र गुर घात।

स्त्री पुरूस ब्रह्म ज्ञान के अलावे अन्य बात नही करते लेकिन लोभ में कौड़ियों के लिये ब्राम्हण और गुरू की हत्या कर देते हैं।

बादहिं सुद्र द्विजन्ह सन हम तुम्ह ते कछु घाटि
जानइ ब्रम्ह सो विप्रवर आंखि देखावहिं डाटि।

शूद्र ब्राम्हणों से अनर्गल बहस करते हैं।वे अपने को उनसे कम नही मानते। जो ब्रम्ह को जानता है वही उच्च ब्राम्हण है ऐसा कहकर वे ब्राम्हणों को डॉटते हैं।

पर त्रिय लंपट कपट सयाने।
मोह द्रोह ममता लपटाने।
तेइ अभेदवादी ग्यानी नर।
देखा मैं चरित्र कलिजुग कर।

जो अन्य स्त्रियों में आसक्त छल कपट में चतुर मोह द्रोह ममता में लिप्त होते हैं वे हीं अभेदवादी ज्ञान कहे जाते हैं।कलियुग का यही चरित्र देखने में आता है।

आपु गए अरू तिन्हहु धालहिं।
जे कहुँ सत मारग प्रतिपालहिं।
कल्प कल्प भरि एक एक नरका।
परहिं जे दूसहिं श्रुति करि तरका।

वे खुद तो बर्बाद रहते हैं और जो सन्मार्ग का पालन करते हैं उन्हें भी बर्बाद करने का प्रयास करते हैं। वे तर्क में वेद की निंदा करते हैं और अनेकों जीवन तक नरक में पड़े रहते हैं।

जे बरनाधम तेलि कुम्हारा।
स्वपच किरात कोल कलवारा।
नारि मुई गृह संपति नासी।
मूड़ मुड़ाई होहिं संन्यासी।

तेली कुम्हार चाण्डाल भील कोल एवं कलवार जो नीच वर्ण के हैं स्त्री के मृत्यु पर या घर की सम्पत्ति नष्ट हो जाने पर सिर मुड़वाकर सन्यासी बन जाते हैं।

ते विप्रन्ह सन आपु पुजावहि।
उभय लोक निज हाथ नसावहिं।
विप्र निरच्छर लोलुप कामी।
निराचार सठ बृसली स्वामी।

वे स्वयं को ब्राम्हण से पुजवाते हैं और अपने हीं

हाथों अपने सभी लोकों को बर्बाद करते हैं। ब्राम्हण अनपटघ लोभी कामी आचरणहीन मूर्ख एवं नीची जाति की ब्यभिचारिणी स्त्रियों के स्वामी होते हैं।

सुद्र करहिं जप तप ब्रत नाना।
बैठि बरासन कहहिं पुराना।
सब नर कल्पित करहिं अचारा।
जाइ न बरनि अनीति अपारा।

शूद्र अनेक प्रकार के जप तप व्रत करते हैं और उॅचे आसन पर बैठकरपुराण कहते हैं।सबलोग मनमाना आचरण करते हैं। अनन्त अन्याय का वर्णन नही किया जा सकता है।

भए वरन संकर कलि भिन्न सेतु सब लोग
करहिं पाप पावहिं दुख भय रूज सोक वियोग।

इस युग में सभी लोग वर्णशंकर एवं अपने धर्म विवेक से च्युत होकर अनेकानेक पाप करते हैं तथा दुख भय शोक और वियोग का दुख पाते हैं।

बहु दाम सवॉरहि धाम जती।
बिशया हरि लीन्हि न रही बिरती।
तपसी धनवंत दरिद्र गृही।
कलि कौतुक तात न जात कही।

सन्यायी अपने घर को बहुत पैसा लगाकर सजाते हैं कारण उनमें वैराग्य नहीं रह गया है।उन्हें सांसारिक भोगों ने घेर लिया है। अब गृहस्थ दरिद्र और तपस्वी धनबान बन गये हैं।कलियुग की लीला अकथनीय है।

कुलवंति निकारहिं नारि सती।
गृह आनहि चौरि निवेरि गती।
सुत मानहि मातु पिता तब लौं।
अबलानन दीख नहीं जब लौं।

वंश की लाज रखने बाले सती स्त्री को लोग घर से बाहर कर देते हैं और किसी कुलटा दासी को घर में रख लेते हैं। पुत्र माता पिता को तभी तक सम्मान देते हैं जब तक उन्हें विवाहोपरान्त अपने स्त्री का मुॅह नहीं दिख जाता है।

ससुरारि पिआरि लगी जब तें।
रिपु रूप कुटुंब भये तब तें।
नृप पाप परायन धर्म नही।
करि दंड बिडंब प्रजा नित हीं।

ससुराल प्यारी लगने लगती है और सभी पारिवारिक संबंधी शत्रु रूप हो जाते हैं। राजा पापी हो जाते हैं एवं प्रजा को अकारण हीं दण्ड देकर उन्हें प्रतारित किया करते हैं।

धनवंत कुलीन मलीन अपी।
द्विज चिन्ह जनेउ उघार तपी।
नहि मान पुरान न बेदहिं जो।
हरि सेवक संत सही कलि सो।

नीच जाति के धनी भी कुलीन माने जाते हैं। ब्राम्हण का पहचान केवल जनेउ रह गया है। नंगे बदन का रहना तपस्वी की पहचान हो गई है। जो वेद पुराण को नही मानते वे हीं इस समय भगवान के भक्त और सच्चे संत कहे जाते हैं।

कवि बृंद उदार दुनी न सुनी।
गुन दूसक ब्रात न कोपि गुनी।
कलि बारहिं बार दुकाल परै।
बिनु अन्न दुखी सब लोग मरै।

कवि तो झुंड के झुंड हो जायेंगें पर संसार में उनके गुण का आदर करने बाला नहीं होगा। गुणी में दोष लगाने बाले भी अनेक होंगें।कलियुग में अकाल भी अक्सर पड़ते हैं और अन्न पानी बिना लोग दुखी होकर खूब मरते हैं।

सुनु खगेस कलि कपट हठ दंभ द्वेश पाखंड
मान मोह भारादि मद ब्यापि रहे ब्रम्हंड।

कलियुग में छल कपट हठ अभिमान पाखंड काम क्रोध लोभ और घमंड पूरे संसार में ब्याप्त हो जाते हैं।तामस धर्म करहिं नर जप तप ब्रत भख दान देव न बरखहिं धरनी बए न जामहिं धान। आदमी जप तपस्या ब्रत यज्ञ दान के धर्म तामसी भाव से करेंगें। देवता पृथ्वी पर जल नही बरसाते हैं और बोया हुआ धान अन्नभी नहीं उगता है।

अबला कच भूसन भूरि छुधा।
धनहीन दुखी ममता बहुधा।
सुख चाहहिं मूढ़ न धर्म रता।
मति थोरि कठोरि न कोमलता।

स्त्रियों के बाल ही उनके आभूसन होते हैं। उन्हें भूख बहुत लगती है। वे धनहीन एवं अनेकों तरह की ममता रहने के कारण दुखी रहती है। वे मूर्ख हैं पर सुख चाहती हैं। धर्म में उनका तनिक भी प्रेम नहीं है। बुद्धि की कमी एवं कठोरता रहती है–कोमलता नहीं रहती है।

नर पीड़ित रोग न भोग कहीं।
अभिमान विरोध अकारनहीं।
लघु जीवन संबतु पंच दसा।
कलपांत न नास गुमानु असा।

लोग अनेक बिमारियों से ग्रसित बिना कारण घमंड एवं विरोध करने बाले अल्प आयु किंतु घमंड ऐसा कि वे अनेक कल्पों तक उनका नाश नही होगा।ऐसा कलियुग का प्रभाव होगा।

कलिकाल बिहाल किए मनुजा।
नहिं मानत क्वौ अनुजा तनुजा।
नहि तोश विचार न शीतलता।
सब जाति कुजाति भए मगता।

कलियुग ने लोगों को बेहाल कर दिया है।लोग अपने बहन बेटियों का भी ध्यान नही रखते। मनुश्यों में संतोष विवेक और शीतलता नही रह गई है। जाति कुजाति सब भूलकर लोग भीख मॉगने बाले हो गये हैं।

इरिशा पुरूशाच्छर लोलुपता।
भरि पुरि रही समता बिगता।
सब लोग वियोग विसोक हए।
बरनाश्रम धर्म अचार गए।

ईर्श्या कठोर वचन और लालच बहुत बढ़ गये हैं और समता का विचार समाप्त हो गया है।लोग विछोह और दुख से ब्याकुल हैं। वर्णाश्रम का आचरण नश्ट हो गया है।

दम दान दया नहि जानपनी।
जड़ता परवंचनताति घनी।
तनु पोशक नारि नरा सगरे।
पर निंदक जे जग मो बगरे।

इन्द्रियों का दमन दान दया एवं समझ किसी में नही रह गयी है। मूर्खता एवं लोगों को ठगना बहुत बढ़ गया है। सभी नर नारी केवल अपने शरीर के भरण पोशन में लगे रहते हैं। दूसरों की निंदा करने बाले संसार में फैल गये हैं।

प्रगट चारि पद धर्म के कलि महुँ एक प्रधान
जेन केन बिधि दीन्हें दान करइ कल्यान।

धर्म के चार चरण सत्य दया तप और दान हैं जिनमें कलियुग में एक दान हीं प्रधान है। दान जैसे भी दिया जाये वह कल्याण हीं करता है।

प्रस्तुति– निशीथ चतुर्वेदी, डबरा (म0प्र0)

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद विवाह सम्बन्ध व सम्बंध विच्छेद समस्या निराकरण समिति

बंधुओ , पालागन जय श्री कृष्णा श्री माथुर चतुर्वेदी समाज के अंर्तगत दो समस्या नजर आती है। जो किसी से छिपी नही है।

1. सुयोग्य बर, बधु की तलाश?
2. विवाह होने के बाद सम्बंध विच्छेद की घटनाएं?

महापरिषद समाज की एकजुटता बनाए रखने व उचित समाधान की दिशा में दोनों पक्षों में सामंजस्य स्थापित करने की पूर्ण विश्वास के साथ कोशिश करेगा।

इस उद्देश्य से समाज के अनुभवी लोगों की एक समिति अधिकृत की जाती है। जो निम्न प्रकार होगी।

1. श्री सुख देव चतुर्वेदी डबरा
2. श्री जय प्रकाश चौबे जलगांव
3. श्रीमति विरज बाला चतुर्वेदी एडवोकेट मथुरा।
4. श्री राम स्वरूप चतुर्वेदी करौली
5. श्री रंगेश्वर चतुर्वेदी बड़ौदा।

उक्त समिति महापरिषद के निर्देशन में समाज हित के लिऐ कार्य करेंगी और अपनी प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराती रहेगी। अन्य प्रदेशों के इस क्षेत्र में कार्यरत अनुभवी बंधुओ व बहिनों को भी समिति का विस्तार कर जोड़ा जा सकेगा।

महापरिषद के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों चाहे वो राष्ट्रीय हो प्रदेश के या जिलों के हों उक्त समिति को आवश्यकता अनुसार पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। समिति के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

नीरज चतुर्वेदी
सभापति
श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद

बेटी की गृहस्थी में कितना दखल देना चाहिए, यह समझना चाहिए

माँ यदि समय रहते तूने मुझे समझाया होता तो आज मुझे तेरे साथ रहते हुए भी सबसे अलग–थलग अकेले रहने की नौबत ना आती। माँ होने के नाते तुझे मेरी चिंता होना स्वभाविक हैं किंतु इस कारण हर दूसरे दिन मुझे मायके आने के लिए कहना कहाँ तक ठीक था?

माँ तूने कभी भी हमारे झगड़े विवाद हल करने का प्रयत्न नही किया। मैं जब भी तुझे फोन पर हमारे आपसी घरेलू विवाद बताती थी तो तुम मेरे पति को डांटती फटकारती और अपनी बेटी को हमेशा के लिए मायके ले जाने की धमकी देती, और अंत मे तूने वही किया। दस वर्ष हो गए मुझे आज भी उस बात की टीस हो रही है, क्योंकि हर कोई अपने–अपने जीवन मे सुखी हैं मस्त है। तुम दोनों मम्मी–पापा अपने पोता–पोती बहुओं के साथ खुश हो। भैय्या भाभी की गृहस्थी भी मजे में चल रही हैं। किंतु मै तुम्हारे घर मे एक आश्रित बेचारी जैसी रह रही हूँ ऐसा मुझे लगता है। यह सब कुछ कहते समय बेटी की आंख के आँसू रुक नही रहे थे।

'हमारी बेटी हम पर भारी नही हैं बोझ नही है' बेटी के विवाह के बाद कई माता–पिता के मुंह से यह वाक्य सुनने को मिलता है। किंतु ससुराल में बेटी को तकलीफ दी जा रही है, ससुराल के लोग या उसका पति लगातार उसे टार्चर कर रहे हैं ऐसा मानकर तड़काफड़की निर्णय लेना गलत है इससे बचना चाहिए। जैसे ताली एक हाथ से नहीं बजती वैसे ही बेटी का भी कुछ ना कुछ तो दोष हो सकता है। यह अच्छी तरह जान लो समझ लो। ससुराल वाले यदि शारीरिक कष्ट पहुंचा रहे हों तो और समझदारी पूर्ण चर्चा के बाद भी शारीरिक और मानसिक तकलीफ दी जा रही हो और दोनों पक्षों की आपसी चर्चा के बाद भी हल ना निकले तो ही अंतिम पर्याय के रूप में संबन्ध तोड़ने के बारे में विचार किया जा सकता है। किंतु छोटी छोटी बात पर पति–पत्नी की गृहस्थी तोड़ना बिल्कुल ठीक नही।

बेटी के माता–पिता के बीच भी अपनी गृहस्थी चलाते समय विवाद निश्चित ही हुए होंगे। इसलिए पति–पत्नी के बीच के विवाद झगड़े उन्हें आपस मे सुलझाने का अवसर दो। तुरंत उनके झगड़ों को निपटाने मत जाओ।

विवाह तय होने के पहले से ही बेटी को यह कहा जाता है कि ससुराल के लोग बहुत बुरे–दुष्ट होते हैं, सास ललिता पवार होती हैं, पति को अपनी मुट्ठी में ही रखना चाहिए इत्यादि। इसलिए बेटी ससुराल जाते समय दिमाग मे एक दुराग्रह लेकर ससुराल में कदम रखती हैं। सास कितनी भी अच्छी हो तो भी आपकी बेटी सास के साथ अपनत्व का व्यवहार नही करती, सौहाद्र पूर्ण व्यवहार नही करती। पति को अपने इशारों पर नचाना प्रारंभ कर देती हैं। यदि पति ऐसा नहीं करता तो फिर वाद विवाद होने लगते हैं। तब तुम बेटी के माता–पिता होने के नाते उस क्रोध ा और विवाद की आग को पानी डालकर बुझाने की जगह फूंक मारकर आग में घी डालकर भड़काने का काम कर रहे हो। यह तुम्हे पता भी नहीं चलता इसके विपरीत हमेशा के लिए अपना घर छोड़कर मायके आने की सलाह दे देते हो।

इसमें तुम्हारी बेटी की पूरी जिंदगी दांव पर लगी होती हैं इसका ज्ञान उस समय नही होता। बेटी को भी उस समय माता–पिता का निर्णय योग्य लगता हैं, क्योंकि उस समय बेटी एक मानसिक तनाव में गुजर रही होती हैं।

कभी जंवाई माफी मांगने आया तो भी उसे माफ नही किया जाता। 'मैं पत्नी को लेने आया हूँ उसे मेरे साथ अपने घर भेजो'। जंवाई के ऐसा कहने पर उसके सामने कई प्रकार की शर्तें रखी जाती हैं ऐसा होने पर जंवाई अपमानित होकर सोचने लगता है कि रिश्ते को बचाने के लिए मैं अकेला ही क्यों कोशिश करूँ। जंवाई अपमानित हो जाता है और मुद्दा अधिक गंभीर होकर अब जंवाई का अहंकार भी जाग उठता हैं। अब वो भी रिश्ता तोड़ने की दिशा में सोचने लगता है।

सम्बन्ध विच्छेद होने पर कुछ पुरुष दूसरा विवाह कर नई शुरुवात कर देते हैं, जो लड़कियां माँ के यहां जाकर रहने लगती हैं उन्हें कुछ दिनों बाद अकेलापन काटने दौड़ता हैं। जिस माँ ने सहारा देकर बेटी को अपने घर लाया था उसी बेटी के साथ माँ – भाभी की झंझट विवाद होना शुरू होता है तो अब लड़की को अपनी गलती का अहसास होने लगता है।

माता पिता ने बेटी की गृहस्थी तोड़ने की नही जोड़ने की कोशिश करनी चाहिए। एक बार बेटी ससुराल गई तो बिना कारण उसके कान नहीं भरने चाहिए। बार–बार फोन पर बेटी से बात करने से बचना चाहिए। बेटी यदि पति की या ससुराल की कोई छोटी–मोटी शिकायत करने लगे तो उसे कहना चाहिए कि छोटी सी बात है। आपस में बात करके मुद्दा सुलझा लो ऐसी सलाह देनी चाहिए। यदि झगड़ा या विवाद बहुत बड़ा हो और जो आपस मे सुलझ ही न रहा हो तब ही सुलह की कोशिश करनी चाहिए। तुम्हारे अहंकार की वजह से बेटी का जीवन बर्बाद ना करो। बेटी का लाड़ करो चार दिन उसकी हर संभव जिद पूरी करो उसे खुशी दो किंतु उसकी गृहस्थी में अनावश्यक दखल मत दो।

लेखक एवं प्रस्तुतकर्ता
ज्ञान चतुर्वेदी प्रदेश अध्यक्ष छत्तीगढ़

विवाह में सात फेरे ही क्यों लेते हैं?

आखिर हिन्दू विवाह के समय अग्नि के समक्ष सात फेरे ही क्यों लेते हैं? दूसरा यह कि क्या फेरे लेना जरूरी है?

पाणिग्रहण का अर्थ – पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से श्विवाहश के नाम से जाना जाता है। वर द्वारा नियम और वचन स्वीकारोक्ति के बाद कन्या अपना हाथ वर के हाथ में सौंपे और वर अपना हाथ कन्या के हाथ में सौंप दे। इस प्रकार दोनों एक–दूसरे का पाणिग्रहण करते हैं। कालांतर में इस रस्म को श्कन्यादानश कहा जाने लगा, जो कि अनुचित है।

नीचे लिखे मंत्र के साथ कन्या अपना हाथ वर की ओर बढ़ाए, वर उसे अंगूठा सहित (समग्र रूप से) पकड़ ले। भावना करें कि दिव्य वातावरण में परस्पर मित्रता के भाव सहित एक–दूसरे के उत्तरदायित्व को स्वीकार कर रहे हैं।

ऊँ यदैषि मनसा दूरं, दिशोऽ नुपवमानो वा।

हिरण्यपणो र वै कर्ण, स त्वा मन्मनसां करोतु असौ।। –पार.गृ.सू. 1.4.15

विवाह का अर्थ– विवाह को शादी या मैरिज कहना गलत है। विवाह का कोई समानार्थी शब्द नहीं है। विवाह= विवाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है– विशेष रूप से (उत्तरदायित्व का) वहन करना।

विवाह एक संस्कार– अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे कि विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है, लेकिन हिन्दू धर्म में विवाह बहुत ही भली–भांति सोच– समझकर किए जाने वाला संस्कार है। इस संस्कार में वर और वधू सहित सभी पक्षों की सहमति लिए जाने की प्रथा है। हिन्दू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संबंध से अधिक आत्मिक संबंध होता है और इस संबंध को अत्यंत पवित्र माना गया है।

सात फेरे या सप्तपदी– हिन्दू धर्म में 16 संस्कारों को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। विवाह में जब तक 7 फेरे नहीं हो जाते, तब तक विवाह संस्कार पूर्ण नहीं माना जाता। न एक फेरा कम, न एक ज्यादा। इसी प्रक्रिया में दोनों 7 फेरे लेते हैं जिसे श्सप्तपदीश भी कहा जाता है। ये सातों फेरे या पद 7 वचन के साथ लिए जाते हैं। हर फेरे का एक वचन होता है जिसे पति–पत्नी जीवनभर साथ निभाने का वादा करते हैं। ये 7 फेरे ही हिन्दू विवाह की स्थिरता का मुख्य स्तंभ होते हैं। अग्नि के 7 फेरे लेकर और ध्रुव तारे को साक्षी मानकर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं।

सात अंक का महत्व–

ध्यान देने योग्य बात है कि भारतीय संस्कृति में 7 की संख्या मानव जीवन के लिए बहुत विशिष्ट मानी गई है। संगीत के 7 सुर, इंद्रधनुष के 7 रंग, 7 ग्रह, 7 तल, 7 समुद्र, 7 ऋषि, सप्त लोक, 7 चक्र, सूर्य के 7 घोड़े, सप्त रश्मि, सप्त धातु, सप्त पुरी, 7 तारे, सप्त द्वीप, 7 दिन, मंदिर या मूर्ति की 7 परिक्रमा, आदि का उल्लेख किया जाता रहा है।

उसी तरह जीवन की 7 क्रियाएं अर्थात– शौच, दंत धावन, स्नान, ध्यान, भोजन, वार्ता और शयन। 7 तरह के अभिवादन अर्थात– माता, पिता, गुरु, ईश्वर, सूर्य, अग्नि और अतिथि। सुबह सवेरे 7 पदार्थों के दर्शन– गोरोचन, चंदन, स्वर्ण, शंख, मृदंग, दर्पण और मणि। 7 आंतरिक अशुद्धियां– ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध, लोभ, मोह, घृणा और कुविचार। उक्त अशुद्धियों को हटाने से मिलते हैं ये 7 विशिष्ट लाभ– जीवन में सुख, शांति, भय का नाश, विष से रक्षा, ज्ञान, बल और विवेक की वृद्धि।

स्नान के 7 प्रकार– मंत्र स्नान, मौन स्नान, अग्नि स्नान, वायव्य स्नान, दिव्य स्नान, मसग स्नान और मानसिक स्नान। शरीर में 7 धातुएं हैं– रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मजा और शुक्र। 7 गुण– विश्वास, आशा, दान, निग्रह, धैर्य, न्याय, त्याग। 7 पाप– अभिमान, लोभ, क्रोध, वासना, ईर्ष्या, आलस्य, अति भोजन और 7 उपहार– आत्मा के विवेक, प्रज्ञा, भक्ति, ज्ञान, शक्ति, ईश्वर का भय।

यही सभी ध्यान रखते हुए अग्नि के 7 फेरे लेने का प्रचलन भी है जिसे सप्तपदी कहा गया है। वैदिक और पौराणिक मान्यता में भी 7 अंक को पूर्ण माना गया है। कहते हैं कि पहले 4 फेरों का प्रचलन था। मान्यता अनुसार ये जीवन के 4 पड़ाव– धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का प्रतीक था। हमारे शरीर में ऊर्जा के 7 केंद्र हैं जिन्हें 'चक्र' कहा जाता है। ये 7 चक्र हैं– मूलाधार (शरीर के प्रारंभिक बिंदु पर), स्वाधिष्ठान (गुदास्थान से कुछ ऊपर), मणिपुर (नाभि केंद्र), अनाहत (हृदय), विशुद्ध (कंठ), आज्ञा (ललाट, दोनों नेत्रों के मध्य में) और सहस्रार (शीर्ष भाग में जहां शिखा केंद्र) है। उक्त 7 चक्रों से जुड़े हैं हमारे 7 शरीर। ये 7 शरीर हैं– स्थूल शरीर, सूक्ष्म शरीर, कारण शरीर, मानस शरीर, आत्मिक शरीर, दिव्य शरीर और ब्रह्म शरीर। **।।जय श्री कृष्णा।।**

संकलनकर्ता– बृजमोहन चतुर्वेदी राष्ट्रीय संरक्षक मुम्बई

कहानी- कोई अपना सा

रोज की तरह सुबह होते ही एक प्याला चाय ले कर रीमा अशोक के साथ बालकनी में बैठकर चाय का आनंद ले रही थी, सामने वाली बिल्डिंग मे एक नव विवाहित जोड़ा रोज सुबह बिल्डिंग छत पर टहलता नजर आता और रीमा अशोक से कहती कि जरुर इनके घर में जल्द ही कोई मेहमान आने वाला है। इसीलिए प्रातः और शाम को यह लोग टहलते नजर आते हैं, बहुत अपने से लगते हैं रोज–रोज अशोक रीमा की यही बात सुनते और उनसे कहते तुम तो बस हर जगह तुम्हें कोई ना कोई अपना सा लगता ही रहता है जिसकी तुम फिकर करने लग जाती हो इस पर रीमा बोली ,देखते नहीं तुम दोनों कितना धीरे–धीरे साथ साथ चलते हैं। मुझे तो बहुत फिक्र होती है इन दोनों की, लॉकडाउन हो चुका है और इस दौरान कुछ हो गया तो यह दोनों कैसे मैनेज करेंगे। सुनते ही अशोक फिर बोले फालतू की बातें मत सोचा करो, अरे दोनों सक्षम है, कुछ ना कुछ सोच ही लिया होगा। पर इस लॉक डाउन में कौन आएगा इनका यही सोच सोच कर मेरा दिमाग खराब हो रखा है रीमा बोल पडी. अशोक बोले देखो सुबह का समय है, समय ना बर्बाद करो और चाय पियो। रीमा ने ठंडी सांस ली और फिर सामने वाली बिल्डिंग में उन दोनों को देखने लगी। वे भी रीमा को चोरी चोरी निहारते पर जैसे कुछ कहना चाहते पर कह नहीं पाते। सुबह शाम का यह सिलसिला चलता ही जा रहा था साथ ही रीमा की घबराहट भी बढ़ती जा रही थी। सुबह शाम तो चाय के बहाने से आती और दोपहर भर कभी कपड़े उठाने कपड़े कपड़े सुखाने कभी कुछ साफ सफाई के बहाने बालकनी के चक्कर लगाया करती। उसका मन होता कि आवाज लगा के पूछे कि कब नन्हा मेहमान आने वाला है पर कुछ संकोच के कारण ना बोल पाती। वे लोग भी रीमा की बेचौनी को भाप चुके थे। एकदम रीमा को विचार आया और उसने एक बड़े कागज पर अपना मोबाइल नंबर लिखकर चिपका दिया शायद कभी जरूरत पड़े तो यह मुझे फोन कर लेंगे। जिस दिन रीमा ने मोबाइल नंबर चिपकाया उसी शाम को अचानक एक मिस कॉल आई रीमा ने फोन उठा लिया 'हेलो कौन है' रीमा के कहते हैं फोन कट गया। अब रीमा का नंबर था उसने फोन मिला दिया और पूछा। कौन बोल रहे हैं 'उधर से आवाज आई आंटी मैं बोल रही हूं आपके सामने वाली बिल्डिंग से जिसको आप रोज सुबह शाम देखा करती हैं। रीमा मुंह से खुशी से निकला 'अच्छा–अच्छा कैसी हो बेटा,त ुम बड़ी चिंता हो रही थी। मुझे तुम्हें देखकर यह लग रहा था कि कैसे तुमसे बात करूं, जब कभी भी जरूरत हो तो मुझसे बात कर लेना और कुछ काम हो तो भी बताना। नाम तो बता दो बेटी अपना, उधर से आवाज आई आंटी मेरा नाम मीना है, चलिए अब हम लोग व्हाट्सएप पर बात किया करेंगे। थैंक्यू आंटी आपने अपना नंबर दिया। यह कहते हुए मीना ने फोन काट दिया फोन रखते ही रीमा सोचने लगी, अगर आजकल में ही कुछ होने वाला होगा तो उसके लिए थोड़ी तैयार तो रखनी पड़ेगी उसने एक छोटा सा बैग तैयार कर लिया जिसमें जरूरत का सारा सामान था, अब तो बस उसे इसी पल का इंतजार रहता कि कब मीना का फोन आये और उससे बातें करें। अब सुबह शाम चाय पीते समय हाथ भी हिलाने लगे थे वे लोग। एक दिन रात में जब खा पीकर रीमा बिस्तर पर आई तो अचानक फोन की घंटी बज गई और उधर से मीना के पति का फोन था वह बोला– आंटी क्या कर रही हैं आप 'रीमा ने पूछा' क्यों बेटा क्या हुआ। आंटी जल्दी आईये, अस्पताल चलना पड़ेगा। रीमा घबराई सी उठ बैठी, सुनो वो सामने वाली मीना है ना जो रोज सुबह शाम टहलते हुए दिखाई देती थी। उसके पति का फोन था, हॉस्पीटल जाना है। कहते–कहते रीमा अशोक का मुंह देखने लगी। ये क्या कह रही हो किसके साथ जाना है होस्पिटल वो भी कोरोना में और इतनी देर रात में। रास्ते मे पुलिस पकड़ेगी तब पता चलेगा। अशोक बोल पड़ा वो सामने वाली बिल्डिंग मे रहने वाली मीना की तबीयत खराब हो रही हैं उसे अभी होस्पिटल जाना है उसका पति सौरभ आ रहा है मुझे लेने और इमर्जेन्सी में तो जाना मना नही है। तुम भी साथ चलते तो, कहते–कहते रीमा तैयार होने लगी। तुम नहीं सुधरोगी कहते हुए अशोक भी जल्दी से तैयार होने लगा तब तक सौरभ का फिर फोन आ गया। आँटी जल्दी नीचे आइये. हाँ हाँ आ रही हूँ। तुम्हारे अंकल भी आ रहे है कहते हुए रीमा और अशोक तेजी से घर बन्द कर लिफ्ट मे घुस गये। नीचे पहुंच कर रीमा और अशोक जल्दी से गाड़ी मे बैठ गये रास्ते मे पुलिस ने गाडी रोकी तो अशोक ने अपना ओफिस का कार्ड दिखा कर गाडी बढ़ा दी और जल्दी ही सब होस्पिटल

पहुंच गये वहां पहुच कर सौरभ जब तक सारी औपचारिकता पूरी कर रहा था तब तक रीमा मीना के साथ अन्दर चली गयी। थोड़े ही देर मे नर्स ने आकर बधाई दी लीजिये अपने पोते को, आप दादी बन गयी। कहते हुए उसने एक नवजात शिशु को रीमा की गोद में डाल दिया जिसे देखते ही रीमा की आँखो मे आँसू आ गए और रीमा ने उसे अपने सीने से लगा लिया। तब तक सौरभ और अशोक भी आ गए। ये लो तुम्हारे पापा आ गये कहते हुये रीमा ने सौरभ की गोद में उस बच्चे को दे दिया और अशोक की ओर देख कर बोली 'दादा जी बन गए हो सिस्टर को कुछ दोगे नहीं' हाँ हाँ क्यों नही सिस्टर ही नही पूरे हॉस्पीटल को दूँगा, दादा जो बन गया हूँ कहते हुए अशोक की आंख भी छ्लछला उठी और सौरभ झुक कर रीमा और अशोक के पैरो पर बैठ गया। ये देख कर मीना की आंख भी भर आयी जो स्ट्रेचर मे लेटी हुई बाहर आते हुए ये नजारा देख रही थी।

अनुराग चतुर्वेदी, चंडीगढ़

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद के दो दिवसीय प्रान्तीय अधिवेशन में समाज की एकजुटता के साथ शिक्षा पर दिया जोर

करौली। माथुर चतुर्वेदी महापरिषद का दो दिवसीय प्रान्तीय महाअधिवेशन यहां कैलादेवी मार्ग स्थित एकट बोधग्राम संस्था के परिसर में आयोजित हुआ। महाधिवेशन के समापन पर रविवार को समाज के वरिष्ठ नागरिक, उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्र–छात्राओं, खेल और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज को एकजुट करने, समाज की समस्याओं, समाज के लोगों का डाटा एकत्रित करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

महापरिषद की करौली जिला कार्यकारिणी के तत्वावधान में हुये महाधिवेशन की अध्यक्षता माथुर चतुर्वेदी महापरिषद के प्रदेश अध्यक्ष ह्रदेश चतुर्वेदी ने की। जिला अध्यक्ष कैप्टन परमानंद चतुर्वेदी ने बताया कि महाधिवेशन में समाज की 60 प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया गया। इसमें बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र एवं राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं शामिल रहीं।

साथ ही समाज के वरिष्ठ जनों को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष ह्रदय चतुर्वेदी ने कहा कि समाज की प्रतिभाएं अपनी मेहनत एवं लगन से विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। वे बोले के समाज को आगे लाने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है, जिसमें सभी को मिलकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। राष्ट्रीय संरक्षक सुखदेव चतुर्वेदी ने कहा कि समाज को एक माला में पिरोकर संगठित रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय जनगणना प्रभारी सीपी चतुर्वेदी मुम्बई ने जानकारी दी कि समाज की जनगणना कर संख्यात्मक आंकड़े जुटाए जा रहे हैं, जिसमें सभी के सहयोग की जरूरत है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामस्वरूप चतुर्वेदी करौली ने पदाधिकारियों का स्वागत किया। सायपुर निवासी चतुर्भुज चतुर्वेदी ने बच्चों के लिये छात्रावास की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस मौके पर प्रदेश मंत्री राजेश चतुर्वेदी, पूर्व सरपंच धर्मचंद चतुर्वेदी, जिला मंत्री रतन चतुर्वेदी, जिला संगठन मंत्री सुमित चतुर्वेदी एवं प्रदेश मंत्री राजकुमार चतुर्वेदी ने भी सम्बोधित किया। पंडित हरस्वरूप चतुर्वेदी ने चतुर्वेदी गौरव गान कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मंच संचालन नरेन्द्र चतुर्वेदी ने किया। एकट बोध ग्राम संस्था के समन्वयक व कार्यक्रम के संयोजक सत्येन चतुर्वेदी ने अतिथियों और पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में वरुण चतुर्वेदी रघुवंशी, उमेश पहलवान, महेश चतुर्वेदी, रामदास चतुर्वेदी, बनवारी, घनश्याम सरपंच, रामरज चतुर्वेदी, नत्थी लाल नेताजी, सूबेदार टीकम चतुर्वेदी, देवेन्द्र चतुर्वेदी, रामरूप चतुर्वेदी, कल्याण प्रसाद चतुर्वेदी, विष्णु उपसरपंच, सुरेश प्रदेश उपाध्यक्ष, देवेन्द्र प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, बालकृष्ण चतुर्वेदी, हंसराज चतुर्वेदी रतनपुर, मीडिया प्रभारी मनमोहन चतुर्वेदी, पूरण प्रताप चतुर्वेदी करौली, गोपाल चतुर्वेदी, सोहन लाल चतुर्वेदी भरतपुर, लोकेश चतुर्वेदी, अरविन्द चतुर्वेदी, सीएस राघव चतुर्वेदी करौली, महिला मंडल की सपना चतुर्वेदी, कमलेश चतुर्वेदी, डोली चतुर्वेदी मुम्बई, कमला चतुर्वेदी करौली सहित अन्य मौजूद रहे।

रिटायरमेंट के बाद का दर्द...!!!!

पटना के कंकड़बाग में बसे एक आईएएस अफसर रहने के लिए आए जो हाल ही में सेवानिवृत्त हुए थे। ये बड़े वाले रिटायर्ड आईएएस अफसर हैरान–परेशान से रोज शाम को पास के पार्क में टहलते हुए अन्य लोगों को तिरस्कार भरी नजरों से देखते और किसी से भी बात नहीं करते थे।

एक दिन एक बुजुर्ग के पास शाम को गुफ्तगू के लिए बैठे और फिर लगातार उनके पास बैठने लगे लेकिन उनकी वार्ता का विषय एक ही होता था– मैं भोपाल में इतना बड़ा आईएएस अफसर था कि पूछो मत, यहां तो मैं मजबूरी में आ गया हूं। मुझे तो दिल्ली में बसना चाहिए था– और वो बुजुर्ग प्रतिदिन शांतिपूर्वक उनकी बातें सुना करते थे। परेशान होकर एक दिन जब बुजुर्ग ने उनको समझाया।

आपने कभी फ्यूज बल्ब देखे हैं? बल्ब के फ्यूज हो जाने के बाद क्या कोई देखता है कि बल्ब किस कम्पनी का बना हुआ था या कितने वाट का था या उससे कितनी रोशनी या जगमगाहट होती थी? बल्ब के फ्यूज होने के बाद इनमें से कोई भी बात बिलकुल ही मायने नहीं रखती है। लोग ऐसे बल्ब को कबाड़ में डाल देते हैं है कि नहीं! फिर जब उन रिटायर्ड आईएएस अधिकारी महोदय ने सहमति में सिर हिलाया तो बुजुर्ग फिर बोले– रिटायरमेंट के बाद हम सब की स्थिति भी फ्यूज बल्ब जैसी हो जाती है।

हम कहां काम करते थे, कितने बड़े/छोटे पद पर थे, हमारा क्या रुतबा था, यह सब कुछ भी कोई मायने नहीं रखता। मैं सोसाइटी में पिछले कई वर्षों से रहता हूं और आज तक किसी को यह नहीं बताया कि मैं दो बार संसद सदस्य रह चुका हूं। वो जो सामने शर्मा जी बैठे हैं, रेलवे के महाप्रबंधक थे। वे सामने से आ रहे जोशी साहब सेना में ब्रिगेडियर थे। वो पाठक जी इसरो में चीफ थे। ये बात भी उन्होंने किसी को नहीं बताई है, मुझे भी नहीं पर मैं जानता हूं सारे फ्यूज बल्ब करीब – करीब एक जैसे ही हो जाते हैं, चाहे जीरो वाट का हो या 50 या 100 वाट हो। कोई रोशनी नहीं तो कोई उपयोगिता नहीं।

उगते सूर्य को जल चढ़ा कर सभी पूजा करते हैं पर डूबते सूरज की कोई पूजा नहीं करता। कुछ लोग अपने पद को लेकर इतने वहम में होते हैं कि रिटायरमेंट के बाद भी उनसे अपने अच्छे दिन भुलाए नहीं भूलते। वे अपने घर के आगे नेम प्लेट लगाते हैं – रिटायर्ड आइएएस/ रिटायर्ड आईपीएस/ रिटायर्ड पीसीएस/ रिटायर्ड जज आदि– आदि। अब ये रिटायर्ड IAS/IPS/PCS/ तहसीलदार पटवारी/बाबू/ प्रोफेसर/प्रिंसिपल/ अध्यापक.. कौन.. कौन–सी पोस्ट होती है भाई? माना कि आप बहुत बड़े आफिसर थे, बहुत काबिल भी थे, पूरे महकमे में आपकी तूती बोलती थी पर अब क्या?

अब यह बात मायने नहीं रखती है बल्कि मायने रखती है कि पद पर रहते समय आप इंसान कैसे थे। आपने कितनी जिन्दगी को छुआ। आपने आम लोगों को कितनी तवज्जो दी। समाज को क्या दिया, लोगों की मदद की, या सिर्फ घमंड मे ही सूजे हुए रहे। पद पर रहते हुए कभी घमंड आये तो बस याद कर लीजिए कि एक दिन सबको फ्यूज होना है।यह पोस्ट उन लोगों के लिए आईना है जो पद और सत्ता होते हुए कभी अपनी कलम से समाज का हित नहीं कर सकते और रिटायरमेंट होने के बाद समाज के लिए बड़ी चिंता होने लगती है। अभी भी वक्त है इस पोस्ट को पढ़िए और चिंतन करिए तथा समाज का जो भी संभव हो हित करिए और अपने पद रूपी बल्ब से समाज देश को रोशन करिए।

चलो चलें कलम की ओर

सुरेश चन्द्र चतुर्वेदी, महरौली/करौली

आदरणीय सभापति महोदय,

श्री नीरज चतुर्वेदी जी एवं राष्ट्रीय संरक्षक श्री सुखदेव चतुर्वेदी जी की सहमति अनुसार श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद में श्री उमेश चतुर्वेदी, ग्वालियर म.प्र. को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव के पद पर आज दिनांक 17.05.2023 को नियुक्त किया जाता है। श्री उमेश चतुर्वेदी जी का फोन नंबर 8602286033 है।

व्यास चतुर्वेदी

उपसभापति– श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद

भोपाल मध्य प्रदेश

स्वर्ग में विचरण करते हुये राधा-कृष्ण सम्वाद

स्वर्ग में विचरण
करते हुए
अचानक एक दुसरे के
सामने आ गए
विचलित से
कृष्ण ,
प्रसन्नचित सी
राधा...
कृष्ण सकपकाए,
राधा मुस्काई
इससे पहले कृष्ण
कुछ कहते
राधा बोल उठी
ष्कैसे हो द्वारकाधीश ?
जो राधा उन्हें
कान्हा कान्हा
कह के बुलाती थी
उसके मुख से
द्वारकाधीश का
संबोधन
कृष्ण को
भीतर तक
घायल
कर गया
फिर भी किसी तरह
अपने आप को
संभाल लिया
.....और बोले राधा से
मै तो तुम्हारे लिए
आज भी कान्हा हूँ
तुम तो द्वारकाधीश
मत कहो!
आओ बैठते है ....
कुछ मै अपनी कहता हूँ
कुछ तुम अपनी कहो
सच कहूँ राधा
जब जब भी
तुम्हारी याद
आती थी
इन आँखों से
आँसुओं की बुँदे
निकल आती थी
बोली राधा ,मेरे साथ
ऐसा कुछ नहीं हुआ
ना तुम्हारी याद आई
ना कोई आंसू बहा
क्यूंकि हम तुम्हे
कभी भूले ही कहाँ थे
जो तुम याद आते
इन आँखों में सदा
तुम रहते थे
कहीं आँसुओं के
साथ निकल
ना जाओ
इसलिए रोते भी
नहीं थे
प्रेम के अलग होने पर
तुमने क्या खोया
इसका इक आइना
दिखाऊं आपको ?
कुछ कडवे सच ,
प्रश्न सुन पाओ तो
सुनाऊ?
कभी सोचा इस
तरक्की में तुम
कितने पिछड़ गए
यमुना के मीठे पानी
से जिंदगी शुरू की
और समुन्द्र के
खारे पानी तक
पहुच गए ?
एक ऊँगली पर
चलने वाले
सुदर्शन चक्र
पर भरोसा कर लिया
और दसों उँगलियों
पर चलने वाळी
बांसुरी को
भूल गए ?
कान्हा जब तुम
प्रेम से जुड़े थे तो ....
जो ऊँगली
गोवर्धन पर्वत
उठाकर लोगों को
विनाश से बचाती थी
प्रेम से अलग होने
पर वही ऊँगली
क्या क्या रंग
दिखाने लगी
सुदर्शन चक्र
उठाकर विनाश के
काम आने लगी
कान्हा और
द्वारकाधीश में
क्या फर्क होता है
बताऊँ
कान्हा होते तो
तुम सुदामा के
घर जाते
सुदामा तुम्हारे घर
नहीं आता
युद्ध में और प्रेम
में यही तो फर्क
होता है
युद्ध में आप मिटाकर
जीतते हैं
और प्रेम में आप
मिटकर जीतते हैं
कान्हा प्रेम में
डूबा हुआ आदमी
दुखी तो रह सकता है
पर किसी को
दुःख नहीं देता
आप तो कई
कलाओं के स्वामी हो
स्वप्न दूर द्रष्टा हो
गीता जैसे ग्रन्थ
के दाता हो
पर आपने
क्या निर्णय किया
अपनी पूरी सेना
कौरवों को सौंप दी?
और अपने आपको
पांडवों के
साथ कर लिया
सेना तो आपकी
प्रजा थी
राजा तो पालक होता है
उसका रक्षक होता है
आप जैसा महा ज्ञानी
उस रथ को
चला रहा था
जिस पर बैठा
अर्जुन
आपकी प्रजा को ही
मार रहा था
आपनी प्रजा को
मरते देख
आपमें करूणा
नहीं जगी
क्यूंकि आप
प्रेम से शून्य
हो चुके थे
आज भी धरती
पर जाकर देखो
अपनी
द्वारकाधीश
वाळी छवि को
ढूंढते रह जाओगे
हर घर हर मंदिर में
मेरे साथ ही
खड़े नजर आओगे
आज भी मै मानती हूँ
लोग गीता के ज्ञान
की बात करते हैं
उनके महत्व की
बात करते है
मगर धरती के लोग
युद्ध वाले
द्वारकाधीश.
पर नहीं
प्रेम वाले कान्हा
पर भरोसा करते हैं
गीता में मेरा
दूर दूर तक नाम
भी नहीं है
पर आज भी लोग
उसके समापन पर
'राधे राधे' करते है।

संकलनकर्ता–
विनीता चतुर्वेदी
इटावा

कर्तव्य बोध एवं वचनबद्धता

सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्य महापरिषद उत्तर प्रदेश एवं इस समूह में शामिल सम्मानित युवा महापरिषद पदाधिकारी गण और सामाजिक बंधुओं सभी के लिए मथुरा पुरी से रामदास चतुर्वेदी पार्षद मथुरा–वृंदावन नगर निगम (२०१७–२०२३),

प्रदेश महामंत्री श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद उत्तर प्रदेश की ओर से जय यमुना मईया की

एवं सादर प्रणाम,सादर पालागन।।

आज शायद पहली बार जब से दायित्व मिला है सभी सम्मानित बंधुओं से वार्तालाप हो रहा है।

व्यक्तिगत कारणों से इतने दिनों से समाजिक सहभागिता महापरिषद में नहीं कर सका इसके लिए खेद है।

अब नई उमंग के साथ आप सबके मार्गदर्शन में समाजिक क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिलेगा ऐसा विश्वास है।

हम और आप ऐसी ऋषि कुल परम्परा के वंशज हैं जिसकी ख्याति चारों युगों में वर्णित रही है।

हमारा आपका सौभाग्य है कि हम और आपने ऐसे परिवारों में जन्म लिया है जिसकी पहचान सम्मानित रूप से सम्पूर्ण भारत वर्ष में होती है।

कालांतर में विधर्मियों के आक्रमणों से बहुत बड़ा पलायन हमारे पूर्वजों को अपनी मातृभूमि से इसलिए करना पड़ा कि हमको अपनी ऋषि कुल परम्परा को जीवित रखना था, अपने परिवार की बहन, बेटियों, माताओं और बच्चों की रक्षा विधर्मियों के आक्रमणों से करनी थी।

हमारे पूर्वज अपनी ऋषि कुल परम्परा को संरक्षित रखने के लिए राजश्रय से एवं अपने पुरूषार्थ से सम्पूर्ण भारत के विभिन्न हिस्सों में निवास करने लगे लेकिन एक समानता रही कि हमने अपनी कुल देवीयो कुल परम्परा और अपनी पहचान को कभी अपने व्यक्तिगत जीवन से दूर नहीं होने दिया और अपने चतुर्वेदी होने का गौरव करते हुए अपनी पहचान को बनाये रखा।

आज चतुर्वेदी समाज की विभिन्न संस्थाएं अपने स्तर से विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक स्तर पर चतुर्वेदी समाज को संगठित रखने का कार्य कर रही जो कि सदैव वंदनीय, अभिनन्दनीय रहेगी।।

बाल्यकाल से मेरा स्वभाव समाजिक क्षेत्र में अग्रणी रहकर कार्य करने का रहा है, अपने बाल्यकाल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवक के रूप में कार्य करने हुए 1996 में अपने सहपाठियों के साथ मिलकर चतुर्वेदी विधार्थी परिषद की स्थपना की और स्थानीय स्तर पर छात्रों की विभिन्न समस्याओं का समाधान कराते हुए मथुरा के किशोरी रमण महाविद्यालय में बी.काम की इवनिंग कक्षाओं का शुभारंभ कराया।

1998 और 1999 में पं.आशीष चतुर्वेदी (तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री माथुर चतुर्वेद युवा परिषद्) के साथ रहकर चतुर्वेदी समाज की प्रतिनिधि संस्था माथुर चतुर्वेद परिषद की युवा परिषद् में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर मिला।

सन् 2000 एवं 2001 में श्री माथुर चतुर्वेद परिषद युवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर मिला।

सन् 2001 में श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के हुए चुनावों में निर्वाचित तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल चतुर्वेदी नदो सिंह के साथ निर्विरोध चुनकर श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय मंत्री के रूप में कार्य करने का सौभाग्य मिला।

सन् 2001 से सन् 2003 तक राष्ट्रीय मंत्री के रूप में कार्य करने के पश्चात चतुर्वेदी समाज की विभिन्न संस्थाओं में सक्रिय रूप में कार्य करने का विश्राम लेते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय राजनीति में मथुरा नगर और जिले में विभिन्न दायित्वों पर कार्य करते हुए अपने पारिवारिक व्यवसाय में सहभागिता करते रहे।

सन् 2017 में उ.प्र.सरकार द्वारा मथुरा–वृंदावन महानगर को मथुरा वृन्दावन नगर निगम घोषित कर दिया।

मथुरा वृन्दावन नगर निगम प्रथम नव निर्वाचन में भाजपा द्वारा मथुरा वृन्दावन नगर निगम के हृदय स्थल क्षेत्र वार्ड

57 (होली गेट से द्वारिका धीश मंदिर) प्रत्याशी बनाया कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय निवासियों के आर्शीवाद से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि पार्षद बनने का सौभाग्य मिला।

निगम बोर्ड में लगातार दो वर्ष कैबिनेट सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर मिला (2017––2019)

साथ अगले दो बर्ष (2020––2021)

में नगर निगम में मुख्य सचेतक भाजपा पार्षद दल के रूप में कार्य करने का अवसर मिला।

गत जनवरी माह में मेरे मार्गदर्शक परम् आदरणीय कान्तानाथ चतुर्वेदी सरदार राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद ने महापरिषद का सदस्य बनाते हुए महापरिषद में शामिल किया।

राष्ट्रीय संरक्षकों एवं पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में अपनी ' मातृभूमि मथुरा पुरी के प्राचीन श्री दीर्ध विष्णु मंदिर प्रांगण आयोजित महापरिषद के महाजनसंपर्क अभियान के सुअवसर पर सहसंयोजक के रूप में भारत वर्ष से पधारे चतुर्वेदी बांधवों के दर्शन का सौभाग्य मिला।

कार्यक्रम के पश्चात संगठन के वरिष्ठ मार्गदर्शकों का निर्णय हुआ कि मुझे प्रदेश महामंत्री के रूप में सभी सम्मानित पदाधिकारियों के साथ संगठन विस्तार और संगठन को मजबूत करने के लिए दायित्व जाता है घ्घ

उसके पश्चात मथुरा–वृंदावन नगर निगम में पुनः नवीन निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से व्यस्तता बढ़ गयी आपके आर्शीवाद से परिवार से पुनः छोटे भाई की पत्नी श्रीमती रचना रामकिशन पाठक जी को भाजपा संगठन ने चौबिया पाड़ा क्षेत्र वार्ड 61 से प्रत्याशी बनाया और १००० मतों से विजयी कर क्षेत्रीय निवासियों ने आर्शीवाद प्रदान किया।

इसी दौरान अचानक माता जी की तबियत खराब हो गई और गत 19 मई को परम् पूज्य माता जी का स्वर्गवास हो गया।

परिवारिक परिस्थितियों के कारण प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में सहभागिता नहीं हो पाई इसके लिए संदैव खेद रहेगा।

लेकिन प्रभु कृपा से अब आप सभी के साथ आपके मार्गदर्शन में सामाजिक क्षेत्र में संगठन विस्तार, संगठन की ईकाई प्रदेश के प्रत्येक जिले में जहां चतुर्वेदी परिवार निवास करते हैं में गठन, ज्यादा से ज्यादा सदस्यता अभियान और जनसमपर्क अभियान, जनगणना जैसे प्रमुख विषयों के आलावा बहुत से विषयों पर कार्य करने का अवसर मिलेगा ऐसी आकांक्षा है।

आप सबके साथ आपका

रामदास चतुर्वेदी पार्षद
प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश
श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद।

कार्यक्रम सूचना

छत्तीस गढ़ प्रदेश कार्यकारणी की मीटिंग 21.5.20230 रविवार रायपुर में संपन्न हुई

दिनांक 21–5–2023 को छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम मीटिंग हुई, जिसमें ऑनलाईन श्री बृज मोहन चतुर्वेदी मुंबई संरक्षक, श्रीसुख देव चतुर्वेदी डबरा प्रभारी संरक्षक, श्री नीरज चतुर्वेदी जयपुर सभापति, श्री प्रणब चतुर्वेदी कानपुर, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन, श्री सी0पी0 चतुर्वेदी मुम्बई, संयोजक जनगणना कार्यक्रम श्री निशीथ चतुर्वेदी राष्ट्रीय महामंत्री संयोजक संकल्प पत्र प्रभारी, श्री आशीष चतुर्वेदी मथुरा राष्ट्रीय संयोजक युवा परिषद् का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, सभी को ह्रदय से धन्यवाद।

प्रदेश के सभी पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त करने के बाद माथुर चतुर्वेदी का गौरवशाली इतिहास बताया गया व 100 प्रतिशत जनगणना का लक्ष्य जल्द से जल्द हासिल करने का संकल्प लिया गया।

समीर चतुर्वेदी
महामंत्री, श्रीमाथुर चतुर्वेदी महापरिषद छत्तीसगढ़
सदस्य, श्री माथुर चतुर्वेदी युवा परिषद

श्री दीर्घ विष्णु मंदिर मथुरा कार्यालय पर श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद की बैठक सम्पन्न

जनगणना एवं सदस्यता फार्म भरवाते हुये

श्री दीर्घ विष्णु मंदिर मथुरा कार्यालय पर श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्यतः विंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई ।

१– मथुरा जिले में आसपास रह रहे चतुर्वेदी परिवारों को संगठन से जोड़ना एवं उनको सदस्यता प्रधान करना।

२– मथुरा जिले में रह रहे चतुर्वेदी परिवारों की जनगणना।

३– मथुरा जिला एवं महानगर की कमेटी के लिए प्रस्तावित नामों पर चर्चा।

बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री कान्ता नाथ चतुर्वेदी सरदार द्वारा की गई। चतुर्वेदी महिलाओं को एक जुट करने के प्रयास का दायित्व राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती गंगा रानी चतुर्वेदी ने लिया, मथुरा जिले की जनगणना एवं सदस्यता की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश महामंत्री रामदास चतुर्वेदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा आशीष चतुर्वेदी, राष्ट्रीय महामंत्री युवा बालाकृष्ण चतुर्वेदी ने ली।

फिजा बदल रही है (व्यंग)

फिजा बदल रही है,
जरूरतें बदल रही हैं,
रोटी की भूख हो तो,
गुटका चबा रही हैं।
फल, मिठाई, हवा, पानी,
सब कल की हैं बातें,
ताकत के लिए जरूरी,
विटामिन की गोली रह गई हैं।
रसोई से कीमती,
वाशरूम का सामान है अब
गर्दन में कर्व जरूरी,
आंखें ,मोबाइल में गढ़ रही हैं।
जा रहा है, किस ओर यूथ,
सौ प्रतिशत की दौड़ में,
घर के घर बिक जाएं पर,
गंगाक्लासें चल रही हैं।
बंद हैं अखाड़े बगीची,
और व्यायाम शाला,
योगा के योग गुरुओं की,
दुकानें खुली हुई हैं।
प्रकृति की खूबसूरती,
आंखों में चुभ रही हैं,
प्लास्टिक के फूलों से,
बगिया महक रही हैं।
ब्यूटी पार्लर की है, ब्यूटी,
परख सुंदरता की,
लाखों की सजावट हैं,
लाखों से धुल रही हैं।
फिजा बदल रही है गंगा
प्यार मोहब्बत की,
जिसकी जितनी कमाई,
सब दिखावे पे फुख रही हैं।

स्व रचित– गंगा रानी चतुर्वेदी, मथुरा

अभिनन्दन

कई बार ऐसे ,
घटनाक्रम हो जाते हैं ।
कि अच्छे खासे,
भ्रमित हो जाते हैं ।

एक दिन की बात बताऊँ,
सच्चा सच्चा हाल सुनाऊँ ।

एक सज्जन की अंत्येष्टि में,
कांधा देते हुए,
श्मशान पहुँच गया ।

वहाँ का दृश्य,
कुछ अलग था,
या यूँ कहूँ,
बिल्कुल बिलग था ।

एक बैनर था वहाँ लगा हुआ,
जिसपर कुछ यूँ था लिखा हुआ–
हम यहाँ
आपका अभिनंदन करते हैं ।

मैं खड़ा अपलक ,
निहारता रहा उस बैनर को,
स्वागत के स्थान पर ।

सोचने लगा क्या
इशारा किया है इश्तहार में
आज नहीं कल
सबको लगना ही है कतार में।

सूर्य कान्त चतुर्वेदी 'मोहन बैरागी'
(पुरा/टूण्डला/रिसड़ा)

गजल

1) जर से जमीं का प्लेटफार्म देखा,
डर गए जब उसका अन्जाम देखा ।
कूदतीं थी कश्तियां सागर की गोद में,
पर हमनें सागर को कश्तियों में कूदते देखा ।

2) इतिहास से हम नहीं हमनें ही इतिहास बनाया है ।
हमारे पूर्वजों ने ही जीवन का अलख जगाया है ।।
जग में फैली दूषित परम्परा को जड से ही मिटाया है ।
कुल की मर्यादा, मानव संस्कृति का पाठ पढाया है ।।
मत भूलो कभी स्वरूप अपना जिसने जागृति लाई है ।
जातिवाद का भेद मिटाकर मानवता फैलाई है ।।
यही वक्त है शक्ति तुम अपनी अब दिखला दो ।
कर्म योग का पाठ प्रेम से सभी ओर फैला दो ।।

मैं सतीश बल्लभ पाठक,
बड़ोदरा (गुजरात) मूल निवासी– मथुरा
उपाध्यक्ष–श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद,
एडवोकेट, बडोदरा (गुजरात)
व से०नि० आई०आर०पी०

मेरी माँ

जीन के हर कष्टों में तुम,
साथ मेरा देती हो माँ।
जब–जब मैं गिर जाती हूँ
तुम हाथ पकड़ लेती हो माँ।

जो तुम ना होती मेरे साथ में ,
जाने क्या होता मेरा।
जीवन यह होता बड़ा कष्टमय,
उजड़ा–सा होता ये समाँ।

कभी ना हिम्मत आती हममें,
जो तुमसे ही पाई है।
तुम्हारे प्यार और दुलार की,
सौगात जो हमने पाई है।

देना पल–पल साथ मेरा यूँ ही,
कभी ना मुझसे जुदा होना।
मेरी हर सफलताओं पर,
तुम मुझको शाबाशी देना।

ईश्वर की मूरत को हमने,
तुममें ही तो पाया है।
माँ इस जग में, हाँ इस जग में,
कोई न तुम–सा आया है।

प्रस्तुति– दीपा चतुर्वेदी

बेसवब बात बढ़ाने की जरूरत क्या है

बेसवब बात बढ़ाने की जरूरत क्या है
हम खफा कब थे मनाने की जरूरत क्या है
आपके दम से तो दुनियां का भरम है कायम
आप जब हैं तो जमाने की जरूरत क्या है
तेरा कूँचा तेरा दर तेरी गली काफी है
वेठिकानों को ठिकाने की जरूरत क्या है
दिल से मिलने की तमन्ना ही नहीं जब दिल में
हाथ से हाथ मिलाने की जरूरत ही क्या है
बेसवब बात बढ़ाने की जरूरत ही क्या है।

प्रस्तुति–

चौबे जी के चार प्रकार

च= चकाचक (व्यवसाई वर्ग)
तु= तुर्रेदार (प्रशासनिक सेवारत)
वे= वेतनभोगी (लगभग 90 प्रतिशत आबादी)
दी= दीन दुःखी (इन बेचारो का कोई नही)
न कोई कुलीन/न कोई बदलुआ/न कोई सैगवार
यह कथन स्वर्गीय घुर्रे जी आगरा का है...
और सत्य भी है
पालागन

सुहानी बेला आई

कितनी सुहानी शुभ आज बेला आई है,
सभी चतुर्वेदियों को हार्दिक बधाई है।
पलकों के पाँवड़े बिछाओ सभी साथी
दरश परस करने से पुलकित भई छाती
बहुत दिनों से मिलने की उत्कण्ठा छाई है।
सभापति नीरज जी चतुर्वेदी आये
निशीथ जी राष्ट्रीय महामंत्री कहाये
बम्बई वाले सी.पी. चतुर्वेदी की बड़ाई है।
अन्तर्राष्ट्रीय संयोजक हे श्रीमान्
देवी जी के परम भक्त करते हैं गुणगान
जनगणना अभियान नींव इन्हीं ने लगाई है।
प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान के हैं हृदयेश जी
राष्ट्रीय अध्यच उचाड़ के सुखदेव जी
सभी को महापरिषद से जोड़ने की भूमिका निभाई है।
कानपुर से प्रणव जी आजीवन व्यक्ति
राष्ट्रीय संगठन के ये हैं महामंत्री
सबके साथ बढ़ने की ऊर्जा फैलाई है।
ओम प्रकाश चतुर्वेदी रहते भवानी मण्डी
शिक्षा क्षेत्र में समाज की रखते विशेष रुचि
जो भी आया प्यार दिया देर ना लगाई है।
जयपुर से कन्हैया लाल ..... कण के सम्पादक
परहित का काम करते, मिलिये इनसे बेझिझक
जीवन समर्पित किया देव तुल्य भाई है।
सत्येन जी चतुर्वेदी करौली के रहने वाले
जयपुर में प्रसिद्ध नाम, लोग गुण गाते हैं
हृदर उदार प्रयास करते हैं हर बार
समाज कार्य में हाथ आगे बढ़ाते हैं
मेहनत से डरते नहीं कभी पीछे हटते नहीं
करते सहयोग भामाशाह कहलाते हैं।
रहे प्रसन्न शुभकर्मों के पुण्य
ऐसे व्यक्ति बड़े भाग्य से आते हैं
करौली जिला से भी परमानन्द कैण्टीन
बुद्धि में प्रवीण करीतपुरा के निवासी हैं
बने हैं अध्यक्ष काम करते हैं निष्पक्ष
सभी कार्यो में दक्ष, बड़े मधुर भाषी हैं।

लेखक– हरकिशोर चतुर्वेदी

कविता

बारिश के दिन आए.....।
कविता शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी
बारिश के दिन आते
मौसम में बदलाब लाते ।
घनघोर काली काली घटाएं छाती
बेजान पतों में एक नई जान लाती
हरियाली फिर चहूं ओर छा जाती
पत्ते पत्ते में फिर बहारें आती ।
पेड़ पत्ते टहनियों भी ,
नए नए गीत खुशी के गाती
ठूंठ हुए पेड़ों में फिर से नई जान छा जाती ,
हर्ष से हिल हिल कर पत्ते तालियां बजाते।
मौसम खुशी का इजहार करती ,
बारिश की बूंदें पड़ते ही खुशी छा जाती
उदासीन दूर भगाती
सृष्टि का जीवन दर्शन कराती।
बारिश के आते ही खुशियां दिखती
जीवन में नई उमंगें जगती ।
उमड़–घुमड़ कर बारिश आती
कृषकों को नई उम्मीदें जगाती।
खुशियों से झोली भर जाती

शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी
94 चौबान मुहल्ला जिला फिरोजाबाद
उत्तर प्रदेश पिन कोड 283203

बेटियाँ

ओस की बूंद सी होती हैं बेटियाँ
स्पर्श खुदरा हो तो रोती हैं बेटियाँ
रोशन करेगा बेटा तो बस एक ही कुल को
दो–दो कुलों की लाज होती हैं बेटियाँ
कोई नहीं एक दूसरे से कम
हीरा अगर बेटा तो सच्चा मोती होती हैं बेटियां
काँटों की राह पर ये खुद ही चलती रहेगीं
औरों के लिए फूल बोती हैं बेटियां
विधि का विधान है यही दुनिया की रस्म है
मुट्ठी भर नीर सी होती हैं बेटियां।

पूनम आशीष चतुर्वेदी
फिरोजाबाद/चंडीगढ़

निवेदन जनगणना

कल 30 अप्रैल को जनगणना का प्रथम पड़ाव पूर्ण हुआ और द्वितीय आज 1 मई से शुरू हो रहा है ।

और यह प्रक्रिया प्रति माह इसी तरह तब तक चलती रहेगी जब तक कि हम संपूर्ण माथुर चतुर्वेदी समाज को एक सूत्र में पिरो नहीं लेते हैं।

अभी तक हम अपने ही महापरिषद के ग्रुप में जनगणना से संबंधित मैसेज बार बार पोस्ट करते थे, लेकिन अब हमें अपने ग्रुप से बाहर समाज के अन्य ग्रुप में अपनी बात पहुंचानी है ,साथ ही जो हमारे व्यक्तिगत परिचित लोग हैं उन्हें हमें व्यक्तिगत रूप से संपर्क करना है, तभी हम संपूर्ण समाज तक पहुंचने में सफल होंगे। इसलिए अब प्रयास ऐसा हो कि हम संपूर्ण विश्व में फैले अपने सभी भाइयों को अपने से जोड़ पायें ।

आप सभी से इस सामाजिक कार्य में सतत सक्रिय सहयोग की अपेक्षा है और अगर किसी को गूगल फॉर्म भरने में कोई दिक्कत है तो वह नीचे दिए physical फॉर्म को भरकर मुझे watsup no.9820132000 पर भेज सकते हैं। –धन्यवाद

श्री माथुरा चतुर्वेदी महापरिषद

(चतुर्वेदी समाज का अपना मंच)

ए–4 भास्कर एनक्लेब 11, पत्रकार कॉलोनी, जयपुर

For Online Website- Paalagan link here: https://forms.gle/GiZRbDZDrWMk9Mi36

1. नाम .....
2. पिता का नाम/ पति का नाम .....
3. उम्र .....
4. जन्म तिथि पुरुष ☐ स्त्री ☐
5. लिंग वैवाहिक ☐ अवैवाहिक अन्य ☐
6. वैवाहिक स्थीति .....
7. परिवार के मुख्या से सम्बन्ध .....
8. वर्तमान पता .....
9. वर्तमान शहर का नाम .....
10. मूल पैर्तक घर का पता स्थाई .....
11. मोबाईल नं .....
12. ई–मेल पता .....
13. गौत्र .....
14. ब्लड ग्रुप A- ☐ A+ ☐ B- ☐ B+ ☐ AB+ ☐ AB- ☐ O+ O- ☐
15. परिवार के सदस्यों की संख्या .....
16. शैक्षिक स्थिति– प्रारम्भिक शिक्षा ☐ 10 पास ☐ स्नात्तक ☐ बी. काम ☐ बीएससी ☐ बी.ए ☐ एम.कॉम ☐ एमससी. ☐ एम.ए ☐ अन्य ☐
17. व्यवसाय– बेरोजगार ☐ नौकरी ☐ व्यापार ☐ अन्य ☐
18. कार्य की प्रकृति .....
19. पारिवारिक आय (लाख में) 2.5 से कम ☐ 2.5 से 5 ☐ 5 से 10 ☐ 10 से ज्यादा ☐
20. किसी प्रकार की सहायता शिक्षा ☐ स्वास्थ ☐ रोजगार ☐ वृद्धावस्था पेंशन ☐ बच्चों की शादी के सम्बन्ध में ☐ कानूनी सलाह ☐ अन्य ☐
21. अपने विचार– .....

कतरों का झोर

विधि– सर्वप्रथम मूंग की दाल को अच्छे से साफ करके 2,3, घंटे पहले भिगोने रख दे। दाल भींग जाने के बाद पानी निकाल कर पीस लें, पिसी दाल में हींग मिर्च धनियां पाउडर मिलाकर खूब फेंटकर एक कटोरी में थोड़ा पानी लेकर उसमें दाल डालकर देखें, पिसी दाल पानी में तैरने लगे तो कतरों के लिए दाल तैयार है।

उसके बाद बेसन को छानकर मटठे मे घोलकर हल्दी नमक डालकर तैयार कर लें।

कतरे बनाने की विधि–

ऊंची किनारी वाली थाली मे दाल रखकर किनारे पर दाल करके हथेली की सहायता से एक –एक रोल तेल मे किनारे किनारे सावधानी से सेकते जायें, कतरा सिककर तैयार है।उन्हे अब गट्टे की तरह काट लें। अब मटठे बेसन के घोल को जो पहले ही तैयार कर लिया है ,उसे धीमी आंच पर पकने दें, ध्यान रहे झोर शुरू मे पतला ही रखें ,तभी कतरा गलेगा, झोर खौलने के बाद गाढ़ा होगा ,कतरे पानी सोखते है, कतरे गलने पर धनियां लोंग पिसी, या गरम मसाला डालकर पकायें, ऊपर से हींग जीरे और लाल सूखी मिर्च का छौंक लगाकर हरे धनियां पत्ती से सजाकर सर्व करें।

पूनम आशीष चतुर्वेदी चंडीगढ
पुत्री श्री प्रेम शंकर चतुर्वेदी
बिजकौली/फिरोजाबाद

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद की पत्रिका में प्रकाशन के लिए प्रस्तावित सहयोग राशि सारिणी

1	अंतिम कवर–रंगीन	5000.00
2	भीतरी कवर –रंगीन	4000.00
3	पूरा पृष्ठ –रंगीन	3000.00
4	पूरा पृष्ठ–श्वेत श्याम	2000.00
5	आधा पृष्ठ–श्वेत श्याम	1000.00
6	चौथाई पृष्ठ– श्वेत श्याम	500.00
7	शुभकामना संदेश–श्वेत श्याम–1/6	500.00
8	श्रद्धांजलि–पूर्ण पृष्ठ श्वेत–श्याम	1000.00
9	श्रद्धांजलि–आधा पृष्ठ श्वेत–श्याम	500.00
10	श्रद्धांजलि–पूर्ण पृष्ठ रंगीन	2000.00
11	श्रद्धांजलि–द्वितीय/भीतरी कवर रंगीन पृष्ठ	3000.00
12	बधाई/शुभकामना पूर्ण पृष्ठ रंगीन	1000.00
13	श्वेत–श्याम 1/4 पेज	500.00

इस सावन में रक्षाबन्धन के लिए करना होगा लम्बा इन्तजार

सावन मास को हिंदू धर्म में सबसे पवित्र महीना माना गया है और भगवान शिव की पूजा के लिए इसका विशेष महत्व होता है। सावन के महीने का प्रत्येक दिन शिव पूजा के लिए खास माना जाता है। लेकिन सावन के सोमवार शिवजी की कृपा का लाभ पाने के लिए सबसे शुभफलदायी माना जाता है। श्रावण मास इस साल 4 जुलाई से आरंभ हो रहा है और 31 अगस्त को समाप्त होगी। सावन में नाग पंचमी और रक्षा बंधन का पर्व मनाया जाता है। इसके अलावा हरियाली तीज, शिवरात्रि भी सावन में मनाए जाते हैं।

दरअसल इस सावन दो महीना का है। सावन का पर्व दो महीने का होने के कारण इस बार 8 सावन के सोमवार पड़ रहे हैं। यही वजह है कि रक्षा बंधन भी इस बार देरी से आएगा। इस साल रक्षा बंधन 30 अगस्त को मनाया जाएगा। रक्षा बंधन पर भाई के हाथ में कलाई बांधने से पहले बहनें भद्रा का समय भी देखती हैं। इस बार तीस अगस्त को भद्रा सुबह 9 बजे तक समाप्त हो जाएगी, उसके बाद रक्षा बंधन मनाई जा सकती है।

आपको बता दें कि सावन मास की पूर्णिमा को रक्षा बंधन का पर्व मनाया जाता है। इस बार 30 अगस्त को पूर्णिमा तिथि 12 बजकर 28 मिनट से दोपहर से लगेगी और अगले दिन 31 अगस्त को सुबह 8 बजकर 36 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि वाले 31 अगस्त को रक्षा बंधन मनाएंगे और पूरे दिन की तिथि के अनुसार 30 अगस्त को रक्षा बंधन मनेगी।

सनातन धर्म



कितना महान है हमारा सनातन धर्म। नमन है हमारे ऋषि मुनियों को। इस फोटो के चारों ओर तीन घेरे बने हुए हैं। जो सबसे पहला घेरा है उसमें 27 नक्षत्रों के नाम हैं और उनके पौधों के भी नाम साथ में लिखे हुए हैं। दूसरे घेरे में 12 राशियों के नाम लिखे हैं और साथ में उनके पौधों के नाम भी लिखे हुए हैं। तीसरे घेरे में नौ ग्रहों के नाम लिखे हैं और उनसे संबंधित पेड़ पौधों के नाम भी लिखे हुए हैं। जहाँ पर पेड़ पौधे जड़ी बूटी और वृक्ष के नाम लिखे हुए हैं तो उनमें उन नक्षत्रों का या उन राशियों का या उन ग्रहों का वास होता है। यदि हम उनपर पौधों जड़ी बूटियों या वृक्षों की पूजा करते हैं या उनको हम रतन की तरह धारण करते हैं तब भी हमें वे जड़ी बूटियाँ पेड़ पौधे वृक्ष लाभ प्रदान करते हैं।

शोक संवदेना

- श्री फरिन्द्र नाथ चतुर्वेदी (भईयो जी) चन्द्रपुरध्कानपुर (कराँची खाना) का दिनांक 9 मई को निधन हो गया है।
- श्री दुर्गेश चतुर्वेदी पुत्र स्व.श्री हेमराज जी चतुर्वेदी (छप्पर वाले) इमली टोला मिश्राना, मैनपुरी का आकस्मिक निधन दिनांक 11 मई को आगरा में हो गया है।
- अत्यंत दुख के साथ सूचित करना चाहते हैं कि रीना चतुर्वेदी पत्नी श्री आनंद चतुर्वेदी पुरा–सिलीगुडी का दुखद निधन दिनांक 04 मई गुरुवार को हो गया है।
- समीर चतुर्वेदी पुत्र डॉक्टर उमेश चतुर्वेदी (अशोक जी) दही वाली गली भरतपुर (राज.) निवासी का असामायिक निधन लगभग 43 वर्ष की अल्प आयु में 30 अप्रैल को लगभग 10 बजे हो गया।
- श्रीमती गायत्री चतुर्वेदी पत्नी श्री अजीत चतुर्वेदी 124 जवाहरपुरम अवधपुरी शाहगंज आगरा का देहावसान दिनांक 1 मई को प्रातः 6 बजे जयपुर में हो गया है।
- विशेष आमंत्रित सदस्य श्री चिरंजीवी चतुर्वेदी ,शांतिग्राम सोसायटी का आज सुबह रोड ऐक्सिडेंट में दुखद निधन हो गया है। वे मैनपुरी से थे और अदानी में सिक्योरिटी में थे ।
- दिनांक 18–5–2023 को श्री मती कमलादेवी पत्नी स्व.श्री रामरतन चतुर्वेदी, श्री मुरारी लाल चतुर्वेदी निवासी बछगांव, मथुरा, की ताईजी का स्वर्गवास हो गया है।
- श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद राष्ट्रीय कार्यकारणी के संयुक्त सचिव श्री चिरंजीब चतुर्वेदी (34) साल की उम्र में अहमदाबाद गुजरात में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। ये कर्नल मनोज जी देहरादून के एक मात्र पुत्र थे व उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष श्री रविन्द्र नाथ चतुर्वेदी के भतीजे भी थे। इस दर्दनाक घटना से पूरा श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद परिवार दुखी हैं।
- श्री योगेश चन्द्र चतुर्वेदी, फरौली/कासगंज का निधन दिनांक 17 जून की रात्रि में दिल्ली के बत्रा हॉस्पिटल में हो गया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें।
- श्रीमती मंजू चतुर्वेदी, धर्मपत्नी श्री मधुसूदन चतुर्वेदी, होलीपुरा/दिल्ली का स्वर्गवास दिनांक 10 जून को दिल्ली में हो गया है ।
- श्रीमती रजनी चतुर्वेदी पत्नी श्री विनोद चतुर्वेदी निवासी– एच.आई.जी.फ्लेट्स, लंगड़े की चौकी का स्वर्गवास दिनांक 5 जून 2023 को दिल्ली में हो गया है ।
- श्रीमती नीता मिश्रा उम्र लगभग 56 वर्ष पत्नी श्री अपूर्व नाथ मिश्रा (मैनपुरी/पार्क रोड) का निधन 31 मई को लखनऊ में सांय 4 बजे हो गया है,।
- श्रीमती संतोष चतुर्वेदी पत्नी श्री पृथ्वीनाथ चतुर्वेदी आगरा कोटा का निधन 30 मई 2023 को इंदौर में अपने पुत्र श्री विवेक चतुर्वेदी के पास हो गया है।
- श्री अंकित चतुर्वेदी पुत्र श्री अजीत चतुर्वेदी चन्द्रपुरध लखनऊ (गोमतीनगर) का असामयिक निधन लगभग ४० वर्ष की आयु में नोयडा में 23 मई की रात्रि में हो गया है।
- अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेखा चतुर्वेदी पत्नी श्री हीरेन्द्र चतुर्वेदी का दिनांक 19 मई 2023 की शाम निधन हो गया।
- श्रीमती कमलादेवी पत्नी स्व.श्री रामरतन चतुर्वेदी, श्री मुरारी लाल चतुर्वेदी निवासी बछगांव, मथुरा, की ताईजी का स्वर्गवास हो गया है।

- अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि नरेंद्र चतुर्वेदी मुनीमजी मूल निवासी रारह हाल निवास जयपुर का आकस्मिक निधन दिनांक 17 मई 2023 बुधवार को प्रातः 10.00 बजे हो गया है।
- श्री दुर्गेश चतुर्वेदी पुत्र स्व.श्री हेमराज जी चतुर्वेदी (छप्पर वाले) इमली टोला मिश्राना,मैनपुरी का आकस्मिक निधन आज दिनांक 11 मई को आगरा में हो गया है।
- श्री फरिन्द्र नाथ चतुर्वेदी (भईयो जी) चन्द्रपुर/कानपुर (कराँची खाना) का आज दिनांक 9 मई को निधन हो गया है ईश्वर से प्रार्थना है की भईयो जी की आत्मा को शान्ति प्रदान करे।
- अत्यंत दुख के साथ सूचित करना चाहते हैं कि रीना चतुर्वेदी पत्नी श्री आनंद चतुर्वेदी पुरा–सिलीगुडी का दुखद निधन कल दिनांक 04 मई गुरुवार को हो गया है। हम ईश्वर से उनकी मोक्ष और अनन्त शांति की प्रार्थना करते हैं।
- श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद के सभापति श्री नीरज चतुर्वेदी जयपुर के समधी श्री नबीन चतुर्वेदी कोटा हाल निवासी का आज जयपुर में 7 बजे निधन हो गया है।
सादर अश्रु पूरित श्रद्धा सुमन अर्पित है।

- श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद विधिक परिषद के राष्ट्रीय सह संयोजक श्री महेंद्र चतुर्वेदी मुम्बई के आकस्मिक निधन के समाचार सुनकर हृदय को वेदना हुई। इस दुःखद घड़ी में श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद परिवार अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इनकी ईश्वर से आत्मा की शांति की प्रार्थना करता है। ईश्वर इनको अपने श्री चरणों में स्थान दे और परिवार को इस असीम घड़ी में दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।

- श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद राष्ट्रीय कार्यकारणी के संयुक्त सचिव श्री चिरंजीब चतुर्वेदी(34) साल की उम्र में आज अहमदाबाद गुजरात में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। ये कर्नल मनोज जी देहरादून के एक मात्र पुत्र थे। ब उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष श्री रविन्द्र नाथ चतुर्वेदी के भतीजे भी थे। आज इस दर्दनाक घटना से पूरा श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद परिवार दुखी हैं। हम सब परमपिता परमेश्वर से भाई चिरंजीव की आत्मा की शांति की प्रार्थना करें। अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को श्री चरणों में स्थान दे। ओर इस असीम दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिबार को संबल प्रदान करे।

श्री माथुर चतुर्वेदी महा परिषद परिवार सभी दुखी परिवारों के आत्मीजनों के प्रति संवेदना प्रकट करता है।

गौरव के पल

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सुभि चतुर्वेदी

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल व्याख्यान माला के लिये किया गया आमंत्रित

समाज के लिए गौरव की बात है कि हमारे ही समाज की बिटिया सुभि चतुर्वेदी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल लेक्चर के लिये आमंत्रित किया गया ।

आपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मंच साझा किया। जो अपने आप में ही महत्त्वपूर्ण एवं गौरव की बात है।

आप श्री तोष कुमार जी एवं श्रीमती साधना जी की पुत्री हैं जिनका मूल निवास मैनपुरी है।

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती है।

राजेश चतुर्वेदी

एम.एस. डी.के बोरवेल कंपनी

A क्लास कॉन्ट्रैक्टर राजस्थान

संगठन मंत्री

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद राजस्थान

मोबा0 नं0 94149 83533

प्रो0 हरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी (कुक्कू)

(M) : 7354823417
9340078046

जय माँ बागवाली कृषि सेवा केन्द्र

हमारे यहाँ खाद, बीज, सीमेन्ट, सरिया, गिट्टी,
मरम रेत के थोक एवं खेरीज विक्रेता

प्रोपराइटर- हरेंद्र कुमार चतुर्वेदी

पता- देवा मन्दिर रोड, रामपुर कला, सबलगढ़ जिला-मुरैना (म.प्र.)

KC EVENT & CATERS



Tarun Chaturvedi 9826530965

Madhur Chaturvedi 8871710051

Mayur Chaturvedi 8871710050

Addres- 1. vashay samaj bhavan vneet kunj kolar
2.Gangour bhavan DK2 oblic16 near post office danish kunj



स्व0 श्री मधुसूदन दास 18 जुलाई 81

स्व0 माया देवी 25-11-1980

42वीं पुण्य तिथि

आपके संघर्ष, त्याग और आत्मविश्वास की प्रेरणास्पद गाथा को
जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है
ताकि आपकी अद्भुत सकारात्मक सोच आशावाद की सीख बने।

श्रद्धावनत परिवार-

पुत्र-स्व0 श्याम कुमार बहू- कमल
शिखा-मनीष, सिद्धार्थ-सची

पुत्र-रामकुमार बहू- मीरा
अंकुर-सौम्या, नेहा, संदीप

पुत्र- ज्ञान बहू- मधुवाला
मानस, शिखर

पुत्रियाँ-
स्व0 पुष्पा राहुल, स्व0 सुमन राजेश मुकेश,
श्रीमती अनीता, श्रीमती सरोज अंकित सौम्या, श्रीमती अनु आयुषी अदिति

प्रातः स्मरणीय कैप्टन वी0एन0 चतुर्वेदी,
पूर्व प्रवक्ता इस्लामिया इण्टर कालेज, इटावा
पूर्व प्रवक्ता, राजकुमार कॉलेज, राजकोट, गुजरात
पूर्व प्रशासनिक अधिकारी श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, (मुफत लाल ग्रुप) चित्रकूट
संस्थापक- सनशाइन स्कूल, इटावा

की 31वीं पुण्य तिथि 08 जून पर सादर नमन

श्रद्धानवत परिवार

पुत्र एवं पुत्रवधू-
राकेश-रेखा
मुकेश-मनीषा
राजेश-सुनीता
मुकुल-अंजू
अतुल वी.एन.-विनीता

पौत्र-
कपिल, राहुल, शिखर, श्रेय,
ऋषभ, वरुण, हरित, वेदान्त, मेघा

प्रपौत्र-
देवांश, काव्या,
केया, श्लोक,
विवान

चतुर्वेदी समाज के गौरव

स्व0 श्री विशम्भर नाथ चतुर्वेदी

जी.डी.ए., आर.ए., एफ.सी.ए.
आधुनिक प्रगतिशील चतुर्वेदी समाज के प्रकाश स्तम्भ
युग प्रवर्तक सम्पूर्ण भारत वर्ष के चतुर्वेदी समाज के
प्रथम चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट
समाज में आर्थिक प्रगति की गंगा लाने वाले भागीरथ
पूर्व सभापति– सेन्ट्रल इन्डिया इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस
पूर्व अध्यक्ष– आयकर विभाग कानपुर बार एसोसियेशन
पूर्व अध्यक्ष– कानपुर बिक्रीकर बार एसोसियेशन
पूर्व अध्यक्ष– प्रेम क्लब कानपुर
संस्थापक– बी0एन0 चतुर्वेदी एन्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस
संस्थापक चतुर्वेदी विश्वम्भरनाथ
सार्वजनिक पुस्तकालय एवं वाचनालय, मथुरा

स्व0 श्री अमरनाथ विशम्भर नाथ चतुर्वेदी

एम.ए. (अंग्रेजी साहित्य) एल.एल.वी., एफ.सी.ए.
पूर्व सभापति– सेन्ट्रल इन्डिया इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस
पूर्व अध्यक्ष– कानपुर आयकर विभाग बार एसोसियेशन
पूर्व अध्यक्ष– कानपुर बिक्रीकर बार एसोसियेशन
पूर्व अध्यक्ष– प्रेम क्लब कानपुर
पूर्व अध्यक्ष– चतुर्वेदी विश्वम्भरनाथ सार्वजनिक पुस्तकालय एवं
वाचनालय, मथुरा

लेखक
सत्यं परं धीमहि

पूर्वजों को नित्य नियम नमन एवं समस्त चतुर्वेदी समाज का अभिनन्दन एवं शुभकामनाओं सहित
बृजमोहन अमरनाथ चतुर्वेदी, मोहित बृजमोहन चतुर्वेदी,
चि0 शिव नारायण मोहित चतुर्वेदी, "बृज अमर फाउंडेशन"

चतुर्वेदी हाउस	श्याम निकुंज	32, जौली मेकर चैम्बर 2	बृज अमर विश्व भवन
24/67, बिरहाना रोड	113/32 स्वरूप नगर	नरीमन पाइंट	श्याम घाट
कानपुर- 208001	कानपुर- 208001	मुम्बई-400021	मथुरा-281001